दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी


बदल रहा मौसम का मिजाज ........


प्लांट बेस्ड डायट.........

वर्ष : 11 | अंक : 333 | लखनऊ, 24 नवम्बर, सोमवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**
अधिकतम तापमान 42.c
न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**
सोना 7,177/ g
चांदी 96/ g
सेंसेक्स 82,530.74
निफ्टी 25,062.10

## खबर संक्षेप

### 400 करोड़ की जीएसटी चोरी, 2 गिरफ्तार



**मुरादाबाद।** नौकरी और लोन दिलाने के नाम पर बेरोजगारों के दस्तावेज के सहारे 2 मोबाइल नंबर पर 144 फर्जी फर्म बनाकर करीब 400 करोड़ की जीएसटी चोरी के मामले में एसआईटी ने मास्टर माइंड इखलाक और इत्तेहात आलम को गिरफ्तार कर लिया। 1 मोबाइल फोन, 8 एटीएम कार्ड, 3 आधार बरामद किया है।

### वांगचुक की याचिका पर सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी की अर्जी पर सुनवाई करेगा। वांगचुक की पत्नी ने शीर्ष अदालत में बताया कि उनके पति को कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में रखना गैर-कानूनी है और यह उनके बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन करने वाला एक मनमाना कदम है।

### 'टेल्स ऑफ कामसूत्र फेस्टिवल' पर बैन



**पणजी।** गोवा में क्रिसमस के दौरान 'टेल्स ऑफ कामसूत्र फेस्टिवल' आयोजित करने का ऐलान हुआ था, जिसे लेकर जमकर बवाल हुआ। बढ़ते विरोध को देखते हुए गोवा पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और आयोजकों को कार्यक्रम रद्द करने का निर्देश दे दिया। इसे 25 से 28 दिसंबर तक होना था।

## चंडीगढ़ को लेकर मोदी सरकार के प्रस्तावित विधेयक पर बवाल

# चंडीगढ़ पर हम कोई विधेयक लेकर नहीं ला रहे, केवल कानूनी प्रक्रिया को सरल बना रहे

## सत्ताधारी आप के साथ ही कांग्रेस ने किया इसका विरोध


गृहमंत्री अमित शाह

गृह मंत्रालय ने दी सफाई

पंजाब सरकार ने गंभीर परिणाम होने की चेतावनी

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

चंडीगढ़ को लेकर मोदी सरकार के प्रस्तावित विधेयक पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। पंजाब सरकार ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है, जबकि कांग्रेस ने भी इसके गंभीर परिणाम होने की चेतावनी दी है। इसी बीच गृह मंत्रालय सामने आया है और पूरे मामले पर सफाई दी है।

गृह मंत्रालय ने जोर देकर कहा है कि केवल कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है और चंडीगढ़ के प्रशासनिक ढांचे में किसी भी तरह का बदलाव नहीं होगा। संसद की तरफ से जारी इस बुलेटिन के सामने आने के बाद पंजाब में राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के अलावा कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि वह पंजाब से चंडीगढ़ छीनने की कोशिश कर रही है।


नॉर्थ ब्लॉक स्थित गृहमंत्रालय

### आर्टिकल 240 क्या है?

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 240 उन केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन से जुड़ा है जिनके पास अपनी कोई विधायिका नहीं होती। इस सूची में वर्तमान में अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली आदि आते हैं। अगर नया विधेयक पारित हो जाता है, तो चंडीगढ़ भी इस सूची में शामिल हो जाएगा। दूसरे शब्दों में चंडीगढ़ में एक स्वतंत्र प्रशासक नियुक्त किया जाएगा।

### चंडीगढ़ की जिम्मेदारी फिलहाल राज्यपाल के पास

फिलहाल पंजाब के राज्यपाल ही चंडीगढ़ के प्रशासक के रूप में कार्य करते हैं। राजधानी भले ही संयुक्त हो, लेकिन प्रशासनिक शक्ति लंबे समय से पंजाब के राज्यपाल के पास रही है। अगर यह विधेयक पारित हो जाता है, तो यहां भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा और प्रशासक की नियुक्ति केंद्र के स्तर से की जाएगी।

### गृह मंत्रालय ने कहा- पंजाब-हरियाणा में समझौता जारी रहेगा

गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि सरकार फिलहाल सिर्फ कानून बनाने की प्रक्रिया को आसान करने पर विचार कर रही है और प्रस्ताव पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। चंडीगढ़ के गवर्नर और उसके एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रक्चर में किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। चंडीगढ़ का जो पारंपरिक समझौता वर्षों से चला आ रहा है, वह जैसा है वैसा ही जारी रहेगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि सभी पक्षों से बातचीत के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा और चंडीगढ़ के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा, गृह मंत्रालय ने यह भी साफ कर दिया कि इस विषय पर किसी भी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

**ये बोले नेतागण**

### बिल से जुड़े फैसलों के लिए शाह से करेंगे बातः जाखड़



केंद्र सरकार द्वारा चंडीगढ़ पर लाए जाने वाले प्रस्ताव को लेकर पंजाब भाजपा चीफ ने सुनील जाखड़ ने अने कहा कि वह इस प्रस्ताव को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वे चाहते हैं कि इस बिल से जुड़े फैसलों को वापस लिया जाए।

### अधिकारों पर सीधा हमला किया जा रहाः मान



चंडीगढ़ को लेकर केंद्र के प्रस्तावित संविधान संशोधन बिल ने पंजाब की सियासत में भूचाल ला दिया है। शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले ही इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। पंजाब के दल इसे अपने अधिकारों पर सीधा हमला मान रहे हैं।

### राजनीति चमकाने विपक्ष कुछ भी बोल रहाः भाजपा



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि बिल चंडीगढ़ में नई व्यवस्थाओं के लिए सुविधाजनक बदलाव के तौर पर लाया जा रहा है। सिंह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिए विरोध कर रहे हैं।

## कर्नाटक में कुर्सी पर सियासी बवाल


कांग्रेस अध्यक्ष खरगे से मिलते सीएम सिद्धारमैया

### सिद्धारमैया ने खरगे से की मुलाकात बोले-फैसला सभी को मानना होगा

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को बेंगलुरु में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। बैठक के बाद सिद्धारमैया ने कहा कि चर्चा पार्टी संगठन, स्थानीय निकाय चुनावों और आगामी जिला पंचायत व तालुक पंचायत चुनावों को लेकर हुई। मंत्रिमंडल के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई। नेतृत्व परिवर्तन सिर्फ़ अटकलें हैं और यह मीडिया की उपज है। सिद्धारमैया ने कहा कि विधायकों को जाने दीजिए, लेकिन आलाकमान जो भी कहेगा, हम सभी को उसे मानना होगा। चाहे मैं हूं या डीके शिवकुमार। कब कोई फैसला लेगा, इस पर सिद्धारमैया ने कोई वादा नहीं किया।

### मंत्री ने मुख्यमंत्री के तौर पर किया दावा



कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को साफ संकेत दिया कि अगर राज्य में नेतृत्व परिवर्तन होता है, तो वे भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में हैं। लंबे समय से चली आ रही 'दलित मुख्यमंत्री' की मांग के बीच उनका यह बयान राजनीतिक हलचल को और गर्म कर गया है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि अभी तक कांग्रेस हाईकमान की ओर से नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई आधिकारिक चर्चा नहीं हुई है, न ही पार्टी आलाकमान ने इस विषय पर कोई संकेत दिया है और न ही कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) में यह मुद्दा उठा है।

### कुमारस्वामी ने साधा निशाना



इस पर एनडीए कांग्रेस पर हमलावर है। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने विस्फोटक राजनीतिक घटनाक्रम की चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य में ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि यह कहना असंभव है कि राजनीति में कौन क्या निर्णय लेगा? यहां अप्रत्याशित और विस्फोटक घटनाक्रम होंगे।

## नागपुर में मामला दर्ज किया

# आईआईएम छात्र की हिट एंड रन हादसे में मौत, जांच शुरू

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



नागपुर में शनिवार रात एक सड़क हादसे में आईआईएम नागपुर के छात्र की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना रात करीब 9:30 बजे वर्धा रोड पर स्थित मिहान फ्लाईओवर पर हुई। मृतक की पहचान अनुज पाठक (22) के रूप में हुई है, जो उत्तराखंड का रहने वाला था और आईआईएम नागपुर में पढ़ाई कर रहा था। वह अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल फ्लाईओवर की रेलिंग से जा टकराई और दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी एक राहगीर ने पुलिस को दी है। पुलिस के पहुंचने पर अनुज सड़क पर मृत अवस्था में मिला और उसकी बाइक का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हिट-एंड-रन में शामिल वाहन की पहचान के लिए जांच जारी है।



### क्राइस्ट द किंग फेस्टिवल

रांची। ईसाई समुदाय के लोग रविवार को रांची में 'खीस्त राजा पर्व' (क्राइस्ट द किंग फेस्टिवल) पर एक धार्मिक जुलूस में भाग लेते हुए।

## बिहार में माताओं के दूध में मिला यूरेनियम

# नवजातों के लिए खतरनाक 6 जिलों में मिले 40 मामले

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**


फाइल फोटो

नेचर जर्नल में प्रकाशित एक नई वैज्ञानिक स्टडी ने चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। अध्ययन के अनुसार स्तनपान कराने वाली 40 माताओं के ब्रेस्ट मिल्क के सैंपल में यूरेनियम का अत्यधिक उच्च स्तर पाया गया है। यह अध्ययन पटना के महावीर कैंसर संस्थान की ओर से डॉ. अरुण कुमार और प्रो. अशोक घोष की अगुवाई में किया गया, जिसमें एम्स, नई दिल्ली के बायोकैमिस्ट्री विभाग से डॉ. अशोक शर्मा की टीम भी शामिल थी। अक्टूबर 2021 से जुलाई 2024 के बीच किए गए इस शोध में भोजपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, कटिहार और नालंदा की 17 से 35 वर्ष आयु की 40 महिलाओं के ब्रेस्ट मिल्क के नमूनों का विश्लेषण किया गया। सभी नमूनों में यूरेनियम (यू-238) पाया गया, जिसकी मात्रा 0 से 5.25 ग्राम/ लीटर के बीच दर्ज की गई। खगड़िया में औसत स्तर सबसे अधिक, नालंदा में सबसे कम मात्रा पाई गई है।

### पर्यावरणीय स्थिति ने बढ़ाई समस्या

बिहार में पेयजल और सिंचाई के लिए भूजल पर अत्यधिक निर्भरता, बिना ट्रीटमेंट वाले औद्योगिक अपशिष्टों का निस्तारण और लंबे समय से रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के उपयोग ने पहले ही जीव वैज्ञानिक नमूनों में आर्सेनिक, लेड और मरकरी जैसी धातुओं का स्तर बढ़ा दिया है। अब ब्रेस्ट मिल्क में यूरेनियम की मौजूदगी यह संकेत देती है कि प्रदूषण राज्य की सबसे कमजोर आबादी- शिशुओं तक पहुंच गया है।

## भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में बोले खेर

उनके निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' पेश की

# नॉर्मल का उल्टा 'एबनॉर्मल' नहीं होता बल्कि 'एक्स्ट्राऑर्डिनरी' होता है

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में मशहूर फिल्मकार, अभिनेता और निर्देशक अनुपम खेर ने अपनी नई निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' पेश की। यह फिल्म ऑटिज्म स्पेक्ट्रम पर रहने वाली एक असाधारण लड़की की कहानी है, जो गलत समझे जाने के बावजूद अपने सैन्य अफसर पिता के कदमों पर चलते हुए आर्मी में जाने का सपना पूरा करने को निकलती है। खेर ने बताया कि यह कहानी उनके व्यक्तिगत और पारिवारिक अनुभवों से गहराई से जुड़ी है। खेर ने कहा कि हम अक्सर 'नॉर्मल' का उल्टा 'एबनॉर्मल' मान लेते हैं, जबकि नॉर्मल का उलट 'एक्स्ट्राऑर्डिनरी' भी हो सकता है।

### शुभांगी ने कहा- मेरे अनुभव को निखारा




फिल्म की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने खेर के अनुशासित और गहन निर्देशन दृष्टिकोण की तारीफ की। उन्होंने कहा, मेरे अनुभव को निखारा।

### ऐसे ही प्रोजेक्ट पर काम कर रहे

उन्होंने कहा कि अब वे उन कहानियों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं जो मानवीय सहनशीलता, संवेदनशीलता और जीवन-परिवर्तन को दर्शाती हैं। खेर ने कहा कि वे ऐसे ही प्रोजेक्ट्स पर काम करते रहेंगे जो मानव भावनाओं के मूल को छूते हों और लोगों को अपने जीवन में सकारात्मक और सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करें।

## अयोध्या स्थित राम मंदिर में कल होगा ध्वजारोहण समारोह

# स्वस्ति वाचन व पुष्प वर्षा से पीएम मोदी की होगी शाही अगवानी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



रामनगरी अयोध्या स्थित राम मंदिर में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जाने का रूट तय हो गया है। वे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से साकेत कॉलेज में बने हेलीपैड पर आएंगे। यहां से रामपथ से होते हुए जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार से श्रीराम जन्मभूमि में प्रवेश करेंगे। वैदिक परंपरा के अनुसार पीएम मोदी के भव्य स्वागत के लिए स्वस्ति वाचन होगा। 501 बटुक ब्राह्मणों द्वारा स्वस्ति वाचन, संत-महंतों के शंखनाद और घंटा-घड़ियाल की पवित्र ध्वनि के मध्य प्रधानमंत्री का स्वागत होगा।

## मुख्य द्वार पर गूंजेगी शंख व घंटा घड़ियाल की ध्वनि


ध्वजारोहण की तैयारियां

### 7 स्थानों पर सांस्कतिक कार्यक्रम होंगे

जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार तक रामपथ के दोनों ओर खड़े अयोध्यावासी पुष्पवर्षा के माध्यम से पीएम का अभिनंदन करेंगे। स्वागत के लिए 12 मंच बनाए जाएंगे। वहां से पुष्प वर्षा की जाएगी। स्वागत पथ पर सात स्थानों पर सांस्कतिक कार्यक्रम होगा। साथ पीएम मोदी का स्वागत होगा।

### संगीत, नृत्य लोक कलाएं भी दिखेंगी

ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का भी आयोजन होगा। इस उत्सव में भारतीय परंपराओं, अध्यात्म और लोक कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर संगीत, नृत्य, लोक कलाओं व पारंपरिक वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण होंगी।

### शास्त्रीय कलाओं की छटा भी देखने को मिलेगी

भजन गायन से लेकर ब्रज की पारंपरिक लोक धुनों तक और प्रदेश के विभिन्न अंचलों के लोक गायन दल अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरों में पिरोकर प्रस्तुत करेंगे। शहनाई, सारंगी, पखावज, बांसुरी, सरोद और सितार जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की विशेष प्रस्तुतियां आयोजन को आध्यात्मिक आभा से आलोकित करेंगी। लोगों को अद्भुत छटा देखने को मिलेगी। एक ही मंच पर मयूर, राई, फरूवाही, बधावा, अवधी, करमा, ढेढिया भी दिखाई देंगे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ व्यक्ति की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। क सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक अज्ञात अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते हैं कि शनिवार शाम करीब 6 बजे सरोजनी नगर के शांति नगर स्थित दीप गेस्ट हाउस के पास एक करीब 55 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति बेसुध हालत में पड़ा मिला। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मृतक पंजाब प्रांत का रहने वाला है। उसका नाम लक्ष्मण था। कुछ दिनों पहले उसकी बहन उसे लेने आई थी, लेकिन वह उनके साथ घर नहीं गया। वह बीते करीब 6 वर्षों से यहां शांति नगर में सड़क किनारे फुटपाथ पर इधर-उधर रहने के साथ लोगों के छोटे-मोटे काम कर उनसे मिलने वाले रुपयों से आए दिन शराब पीता रहता था। वहीं पुलिस का कहना है कि मृतक कहां का रहने वाला है, इसकी कन्फर्म जानकारी नहीं हो पाई है। लेकिन स्थानीय लोगों से पता चला कि वह कई वर्षों से यहां घूमता रहता था। वह शराब का आदी था। शुरुआती जांच में शराब पीने से ही उसकी मौत होना पता चला है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद उसकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही उसके फोटो आसपास थानों में भेज कर उसकी पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

# मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान पर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के अमेठी मंडल में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को गति देने एवं बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से आज भारतीय जनता पार्टी अमेठी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई बैठक में प्रमुख अतिथियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की तथा संगठन विस्तार एवं मतदाता सूची के शुद्धिकरण पर जोर दिया बैठक के मुख्य अतिथि लखनऊ जिला के यशस्वी जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती बूथ से होती है और मतदाता पुनरीक्षण अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों और शक्ति केंद्र संयोजकों को समयबद्ध कार्य करने के निर्देश दिए भाजयुमो जिला अध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय धीरू ने युवा मोर्चा की सक्रिय भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, जिससे अधिक से अधिक पात्र मतदाता सूची में शामिल हो सकें। बैठक में गोसाईगंज के ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता दीपचंद वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रणवीर सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष अभिषेक रावत, जिला प्रतिनिधि श्रीराम सिंह मौर्य, मंडल महामंत्री डीडी त्रिपाठी, उमाकांत साहु, मंडल उपाध्यक्ष संतोष सिंह, अंकित वर्मा, राम प्रघट रावत, अंकित प्रजापति, मंडल मंत्री मोनू वर्मा, योगेंद्र वर्मा, सुनील दिवाकर, सत्यम सोनी, अनिल निगम, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ज्योति गुप्ता, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राम की विश्वकर्मा अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश कनौजिया अंकुल वर्मा सोहिल यादव किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेश वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे बैठक में सभी वक्ताओं ने एक मत से कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण आगामी चुनावों की तैयारी की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। इसके माध्यम से न केवल नए मतदाताओं का नाम जोड़ा जाएगा बल्कि त्रुटिपूर्ण नामांकन को भी ठीक किया जाएगा। अंत में मंडल पदाधिकारियों ने उपस्थित सभी बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों और कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे घर-घर संपर्क कर प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु जागरूकता अभियान चलाएं। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और भाजपा कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे मतदाता पुनरीक्षण अभियान को अमेठी मंडल में एक मिशन के रूप में पूर्ण करेंगे।



# नशेड़ी पति ने पत्नी को लहूलुहान कर झाड़ियों में फेंका

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। नगराम में एक नशेड़ी पति ने अपनी पत्नी की पिटाई कर लहूलुहान कर मितौली गांव के पास सुनसान जगह पर उसे झाड़ियों में फेंककर भाग निकला महिला की शिशिकियां सुन गुजर रहे राहगीरों ने नगराम पुलिस को सूचना दी पहुंची पुलिस ने घायल महिला को सीएचसी नगराम भेजा और परिवारीजनों को सूचना दी पीड़ित परिवारीजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी नगराम के सेल्हुमऊ निवासी रेशमा द्वारा दी गई तहरीर में बताया कि उसके पति बबलु नशे के आदि है रविवार शाम नशे की हालत में मामूली कहासुनी पर उसकी जमकर पिटाई कर सिर फोड़ दिया और लहूलुहान कर उसे मितौली गांव के पास सुनसान जगह पर झाड़ियों में फेंककर भाग गया। महिला की शिशिकियां सुन गुजर रहे राहगीरों ने उसे उठाया और परिवारीजनों को सूचना दी पहुंचे परिवारीजनों ने उसे लेकर घर पहुंचे और नगराम पुलिस को सूचना दी पहुंची पुलिस ने घायल महिला को सीएचसी नगराम भेजा और परिवारीजनों को सूचना दी। पीड़ित परिवारीजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।एसओ नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया जांच की जा रही है।

# वृंदावन के पास दो वाहनों की भिड़ंत, पूर्व भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह की कार क्षतिग्रस्त

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के अंतर्गत वृंदावन के पास रात के समय बड़ा हादसा हो गया, जब प्रयागराज से लखनऊ लौट रहे जौनपुर की मल्हनी विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह की कार एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार, उनकी निजी गाड़ी UP44 AY 0001 को पीछे से आ रही एक लिफ्टमैक (क्रेन) UP70 AG 1481 ने तेज रफ़्तार और लापरवाही से जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मनोज कुमार सिंह का आरोप है कि विपक्षी वाहन चालक शिव प्रकाश कश्यप नशे की हालत में वाहन चला रहा था। पुलिस ने चालक का मेडिकल परीक्षण भी कराया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मनोज कुमार सिंह ने पूरे मामले की लिखित तहरीर थाना PGI में दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क दुर्घटना में पति की हुई मौत पत्नी व दो मासूम बच्चों की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां थाना क्षेत्र के लखनऊझप्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित लालपुर जिओ पेट्रोल पंप के समीप एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई घटना की सूचना मिलते ही थाना निगोहां पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची मौके पर पहुंचकर पता चला कि बाइक संख्या वढ 32 ठऊ 5332 स्प्लेंडर से अकबरपुर बेनीगंज, थाना निगोहां निवासी सुनील कश्यप 38 वर्ष पुत्र स्व. विश्वनाथ कश्यप, अपनी पत्नी सुनीता और बेटी सुषमा 13 व छोटी बेटी 3 वर्ष के साथ ससुराल ग्राम तोड़कपुर, थाना बछरावां, रायबरेली पारिवारिक निमंत्रण में जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार ऊछ 6 उट 9250 स्विफ्ट डिजायर कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े ।सूचना पाते ही पुलिस ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज भेजा



गया। उपचार के दौरान बाइक सवार सुनील को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं उनकी पत्नी और दोनों बच्चे अभी भी गंभीर हालत में उपचाराधीन हैं। घटना में शामिल दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में लेकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बहाल कर दिया है। पुलिस को तहरीर प्राप्त होते ही आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में 32 हजार स्काउट-गाइडों की सहभागिता, 100 बेड का आधुनिक अस्पताल संचालित

**अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह और मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार ने बताया—जम्बूरी में 100 बेड का आधुनिक अस्पताल, 35 सेक्टरों में व्यवस्थाएँ, प्रतिदिन 100 यूनिट रक्तदान का संकल्प**

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी एवं ग्राण्ड फिनाले डायमण्ड जुबली जम्बूरी के मीडिया सेंटर में रविवार को भारत स्काउट एवं गाइड के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह और मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार ने संयुक्त प्रेस वार्ता की। अध्यक्ष ने जम्बूरी की रूपरेखा और व्यवस्थाओं का विस्तृत विवरण देते हुए बताया कि इस बार देश के विभिन्न राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, रेलवे व केन्द्रीय विद्यालय संगठन सहित अन्य संस्थानों से लगभग 32,000 स्काउट-गाइड प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विशाल जम्बूरी परिसर को बेहतर प्रबंधन के लिए 35 सेक्टरों में बांटा गया है, जिनका नामकरण भारत की प्रमुख पवित्र नदियों के आधार पर किया गया है। प्रत्येक सेक्टर में प्राथमिक उपचार, चिकित्सकों की तैनाती और मोबाइल क्लीनिक की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्रतिभागियों के लिए परिसर में 100 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल स्थापित किया गया है, जो विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में 247 संचालित हो रहा है। अध्यक्ष ने बताया कि स्काउट-गाइडों ने प्रतिदिन 100 यूनिट रक्तदान करने का संकल्प लिया है, जो मानवता और सेवा की भावना को मजबूत करता है। मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार ने जम्बूरी की दैनिक गतिविधियों और विभिन्न विभागों की थीमैटिक प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय थल सेना, नौसेना और वायुसेना द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियाँ छात्रों में देशभक्ति और सैन्य अनुशासन के प्रति प्रेरणा बढ़ा रही हैं। साथ ही, कई विदेशी देशों से भी स्काउट-गाइड प्रतिनिधि प्रतिभाग कर रहे हैं, जिससे यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच बन गया है। प्रेस वार्ता में बताया गया कि जम्बूरी का उद्घाटन महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा सोमवार को 2 बजे किया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 नवम्बर को 'यूपी डे' के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

# एस आई आर 2025 अभियान को बूथ स्तर पर मजबूती देने का लिया सपथ

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। मोहनलालगंज विधानसभा के मंडल निगोहां में रविवार को भाजपा लखनऊ जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई जिसमें विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर 2025 अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित कुमार सिंह ने की मतदाता सूची को पारदर्शी व त्रुटिरहित बनाने पर जोरबैठक में बताया गया कि एस आई आर 2025 अभियान लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने का आधार है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जाएगा। पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, गलत प्रविष्टियों को सुधारने तथा मृतक/स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। एस आई आर अभियान के मोहनलालगंज विधानसभा संयोजक एवं भाजयुमो जिला अध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय ह्यधीरूह्ण ने कार्यकताओं को अभियान की प्रक्रिया, फॉर्म-6/7/8 के निस्तारण और बूथ आधारित कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।मंडल प्रवासी राजकुमार रोहित ने हर बूथ पर सशक्त टीम तैयार करने और घर-घर संपर्क अभियान को प्रभावी बनाने की जरूरत बताई। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा ने किया। वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकताओं की उपस्थिति मुख्य रूप से प्रधान प्रभाकर त्रिवेदी,महामंत्री प्रांशु चौरसिया,मंडल उपाध्यक्ष चंदन सिंह,पूर्व जिला मंत्री राजाराम वर्मा,भाजपा नेता भवरेश्वर चौरसिया,शक्तिकेंद्र संयोजक प्रभाकर सिंह, भाजपा नेता सुनील सिंह,मनोज वर्मा,अरुण वर्मा,बी.एन. तिवारी, दिनेश कुशवाहा,राम स्नेही,राजू द्विवेदी, उत्कर्ष शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे ।सभी कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि एसआई आर-2025 अभियान को हर घरझहर मतदाताह्ण के लक्ष्य के साथ पूरी गंभीरता से बूथ स्तर तक सफल बनाया जाएगा।

# विवाहिता ने ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न,जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के लोनहा निवासी विवाहिता रोशनी ने गोसाईगंज थाना अंतर्गत शहजादपुर, अमेठी निवासी पति मयंक रावत, सास रेनू रावत, जेठ मैरेक और ननद करिश्मा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता रोशनी के मुताबिक 21 नवंबर 2022 को उसकी शादी मयंक रावत के साथ हुई थी। आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल वाले 2 लाख रुपये, दो तोले सोने की चेन और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। रोशनी का आरोप है कि उसका पति नशे का आदी है और वह आए दिन नशे की हालत में उसके साथ मारपीट करता था। पीड़िता का आरोप है कि 23 जून 2024 को दहेज की मांग को लेकर सास रेनू रावत, जेठ मैरेक और ननद करिश्मा ने मिलकर उस पर हमला किया। आरोप है कि बाल पकड़कर खींचा, हाथ पकड़कर रोका और पति मयंक ने मारपीट करते हुए उस पर पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की। पीड़िता ने शोर मचाया तो उसका शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने बीच-बचाव किया, तब उसकी जान बच सकी। पीड़िता का कहना है कि उसने घटना की सूचना गोसाईगंज थाने में दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़िता किसी तरह अपने मायके चली आई। उसका आरोप है कि अब लगातार मिल रही धमकियों से वह मायके में सहमी हुई है। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर बंथरा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 65 लाख 50 हजार रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 65 लाख 50 हजार रुपये की ठगी करने और रकम मांगने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में बिजनौर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक विष्णु लोक कॉलोनी, कानपुर रोड निवासी दिव्या दीक्षित ने 22 अक्टूबर को कृष्णा नगर के मानस नगर निवासी दिव्यांक वत्स सिन्हा, जेबी सनशाइन अपार्टमेंट निवासी मनोहर लाल तोलानी, उनके पुत्र गौतम तोलानी और दो अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता का आरोप है कि उक्त आरोपियों ने एलडीए की कानपुर रोड योजना में भूखंड आवंटन का झांसा देकर पहले कूटरचित आवंटन पत्र और फ्री होल्ड डीड तैयार की।



इसके बाद प्लाट का सौदा 65 लाख 50 हजार रुपये में तय कर उनसे रकम ले ली। आरोप है कि दिव्यांक वत्स ने रजिस्टर्ड एग्रीमेंट निरस्त करने के नाम पर 15 लाख 50 हजार रुपये लिए, जबकि शेष 50 लाख रुपये मनोहर लाल तोलानी और गौतम तोलानी को दिए गए। बाद में मनोहर तोलानी ने पीड़िता व उनके पति चंद्रमणि के नाम रजिस्टर्ड बैनामा भी कर दिया, जिसमें गवाह के रूप में गौतम तोलानी शामिल हुए। बैनामा होने के बाद जब पीड़िता ने एलडीए कार्यालय में नामांतरण की जानकारी ली तो पता चला कि भूखंड न तो जवाहरलाल गुरु नानी के नाम आवंटित था और न ही उनके नाम कोई रजिस्ट्री हुई थी। फ्री होल्ड डीड की प्रति मंगाने पर मालूम हुआ कि दस्तावेज किसी अन्य के नाम जारी है। जब पीड़ित दंपति ने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने धमकी दी। मामले की जांच में जुटी बिजनौर पुलिस ने आरोपी मनोहर लाल तोलानी को आगरा के ताजगंज क्षेत्र से गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है।

# ड्यूटी के दौरान अचानक मजदूर की मौत,जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीती रात 23 वर्षीय मजदूर की ड्यूटी के दौरान अचानक हालत बिगड़ गई। उसे पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद परिजनों ने मामले की जांच की मांग की है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद उसकी मौत का सही कारण पता चल सकेगा। बंथरा के हिंदू खेड़ा निवासी किसान राममिलन का बेटा साहिल (23) गांव से कुछ दूर पहाड़पुर में अजय बिल्डर्स नामक गिट्टी प्लांट में मजदूरी करता था। बताते हैं कि साहिल शनिवार रात 9 बजे घर से ड्यूटी पर गया। रात करीब 3 बजे गिट्टी प्लांट के मजदूरों ने साहिल के परिजनों को उसकी तबीयत खराब होने



की सूचना दी और साथी मजदूर साहिल को जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल ले गए। सूचना के बाद साहिल के परिजन भी अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां पहुंचने पर चिकित्सकों से पता चला कि साहिल की मौत हो चुकी है। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस पहुंची तो साहिल के पिता राममिलन ने मामले को संदिग्ध बताते हुए घटना की जांच की मांग की। फिलहाल बंथरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह के मुताबिक शुरूआती जांच में पता चला है कि साहिल काम करने के दौरान अचानक बेसुध होकर गिर गया था। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसकी हार्ट अटैक से मौत हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का सही कारण पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं मृतक के परिवार में उसके पिता राममिलन के अलावा मां रजन देई और तीन बहने व एक भाई है।

# जालसाजों ने दो लोगों को झांसे में लेकर 78 हजार रुपये की करी ठगी,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में साइबर जालसाजों ने बीते दिनों दो लोगों को झांसे में लेकर कुल 78 हजार रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में सरोजनी नगर के शांति नगर निवासी पीड़ित गौरव वर्मा ने साइबर सेल में शिकायत करने के साथ सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गौरव के मुताबिक 16 नवंबर 2025 को दोपहर 12:14 बजे व्हाट्सएप नंबर 9455552638 से उसके व्हाट्सऐप पर परिचित राजेश वर्मा के नाम से संदेश आया। एसएमएस भेजने वाले ने तत्काल 48 हजार रुपये की जरूरत बताते हुए एक अन्य मोबाइल नंबर पर रकम भेजने को कहा। परिचित का नाम देखकर गौरव ने बिना संदेह जताए ही उक्त रुपये ट्रांसफर कर दिए। लेकिन बाद में संपर्क करने पर पता चला कि राजेश का व्हाट्सऐप अकाउंट हैक कर लिया गया था और उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। गौरव का कहना है कि इसी तरह ग्राम मवैई निवासी कर्मेंद्र यादव को भी उसी समय इसी नंबर से संदेश मिला और उन्होंने भी भरोसा करते हुए 30 हजार रुपये भेज दिए। इस तरह जालसाज ने दोनों से कुल 78 हजार रुपये की साइबर ठगी कर ली। बाद में घटना का पता चलते ही गौरव वर्मा ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के साथ साइबर सेल हजरतगंज पहुंचकर सम्बन्धित सभी साक्ष्य दिए। इसके बाद पीड़ित गौरव वर्मा ने सरोजनी नगर थाने में मामले की तहरीर दी। फिलहाल गौरव की तहरीर पर सरोजनी नगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जालसाज का सुराग लगा रही है।

# बौखलाए प्रेमी ने युवती का गला रेतकर की हत्या

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के धर्मावतखेड़ा गांव में रविवार दोपहर दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई प्रेम में अंधे युवक ने 19 वर्षीय प्रियांशी रावत की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी।

घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर करदी की आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो विशेष टीमों को लगाया गया है।

रविवार दोपहर करीब 12 बजे बीबीडी क्षेत्र के लोनापुर गांव निवासी आलोक रावत प्रियांशी से मिलने उसके घर पहुंचा बताया जा रहा है कि दोनों के बीच कुछ समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था लेकिन परिवार वाले इसका विरोध करते थे ।घर में बातचीत के दौरान जब प्रियांशी ने उससे बात करने से इनकार



किया तो आरोपी बौखला गया। कहासुनी बढ़ी और तभी आलोक ने मौका पाकर अपने पास छिपाए धारदार हथियार से प्रियांशी का गला रेत दिया। यह खौफनाक नजारा मृतका की छोटी बहन ने देखा, जिसके चीखने पर घरवाले मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी भाग चुका था ।खून से लथपथ प्रियांशी को देखकर परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में मौजूद छोटी बहन भी सदमे में है।



पूरे गांव में इस घटना को लेकर गम और गुस्से का माहौल है ।सूचना पाकर अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी रल्ला पल्ली वसन्ध मोहनलालगंज थाना पुलिस व अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे प्राथमिक जांच में यह पुष्टि हुई कि आरोपी हत्या की नीयत से ही आया था और मौका तलाश रहा था पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की गहन छानबीन शुरू कर दी है ।एडीसीपी दक्षिणी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें लगाई गई हैं और जल्द ही उसे दबोच लिया जाएगा।

## सपा नेत्री अर्चना रावत पहुंचीं, शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया

वारदात की खबर फैलते ही समाजवादी पार्टी की नेत्री अर्चना रावत भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। अर्चना रावत ने कहा कि यह घटना अत्यंत हृदयविदारक है। परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे ।उन्होंने परिजनों को हरसंभव मदद और साथ देने का आश्वासन दिया। उनके पहुंचने से शोकग्रस्त परिवार को कुछ सहारा मिला। इस घटना से बेहद आक्रोशित हैं लोगों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है पुलिस पूरे मामले को अत्यंत गंभीरता से देखते हुए लगातार दबिश दे रही है।

# सड़क उद्घाटन पर विधायक ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**निगोहां के पुराहिया गांव में कार्यक्रम का आयोजन**

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां क्षेत्र के पुरहिया गांव में नवनिर्मित सड़क का शुभारंभ किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक अमरेश ने फीता काटकर उद्घाटन किया इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। विधायक ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना और विकास को गति देना है उन्होंने आगे कहा कि गांवों में सड़क शिक्षा स्वास्थ्य और पेयजल की सुविधाएं प्राथमिकता पर पूरी की जा रही हैं कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया और क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों की मांग भी



रखी ।इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रभाकर त्रिवेदी, मंडल अध्यक्ष ललित सिंह, नवीन मिश्रा, सुधांशु सिंह, निक्की, गिरीश चंद्र, डॉ. अजय त्रिवेदी, नंदकिशोर, रामफल, रामचंदन, अरविंद दीक्षित सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षेप

### हजरत अफजालुर्रहमान भोले मियां साहब का उर्स मुबारक बड़ी अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पंचायत गंजमुरादाबाद, में स्थित देश की मशहूर दरगाह अस्ताना आलिया रहमानियां में हजरत अफजालुर्रहमान अल मारूफ भोले मियां जौहर रह० अलै० का उर्स मुबारक बड़ी अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। कुल शरीफ के मौके पर फातिहा खास में मुल्क में अमन चैन, खुशहाली, तरक्की, भाईचारे और आपसी सौहार्द की दुआएं मांगी गयीं। गंजमुरादाबाद की दरगाह फजले रहमानी के साहिबे सज्जादा हजरत मारूफुर्रहमान उर्फ मारूफ मियां साहब की जेरे सरपरस्ती में व हजरत गुलाम रब्बानी मियां रहमानी की सदारत में हजरत अफजालुर्रहमान अल मारूफ भोले मियां जौहर रह० अलै० का 25वा उर्स मुबारक मनाया गया। 22 नवंबर को बाद नमाज इशा के एक शानदार नातिया मुशायरा का आयोजन किया गया। एक किताब का भी रस्में इजरा हुआ / जिसमें देश के कई जाने-माने शायरों ने अपने बेहतरीन कलाम पेश कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके साथ ही देश के कई जाने-माने आलिमों ने भी अपनी बेहतरीन तकरीर पेश कर खूब वाह वाही लूटी। 23 नवंबर की सुबह 8:00 बजे से महफिल कुल की शुरूआत हुई जो 11:40 पर कुल शरीफ के मौके पर फतिहा खास में मुल्क में अमन चैन, खुशहाली, तरक्की, भाईचारे और आपसी सौहार्द की दुवाएं मांगी गयीं। उर्स के मौके पर दरगाह से जुड़े तमाम लोगों के साथ ही दूर दराज से भी आए हजारों की तादाद में अकीदतमंदों और मुरीदों ने हाजिरी देखकर अपनी मन्नतें मांगी।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल, हालत गंभीर

बांगरमऊ, उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में रविवार शाम अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि दूसरे को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही है।पहली घटना रविवार शाम करीब 7:30 बजे हुई। नागाही गांव निवासी 55 वर्षीय रामबली पुत्र लक्ष्मण हाफिजाबाद बाजार से सामान लेकर साइकिल से घर लौट रहे थे। हाफिजाबाद गांव के पास एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर से रामबली साइकिल समेत सड़क किनारे खंती में गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से आ रहे एक बाइक सवार ने घटना की जानकारी रामबली के परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें सीएचसी बांगरमऊ ले गए। वहां मौजूद चिकित्सक डॉ. सागर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद रामबली की हालत चिंताजनक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।दूसरी घटना फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के लखनऊ मार्ग स्थित तकिया चौराहे के पास हुई। यहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल युवक की पहचान कन्नौज जनपद के तालमगौड़ी थाना निवासी 33 वर्षीय प्रमोद पुत्र रामौतार के रूप में हुई है। उसे एंबुलेंस से सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। प्रमोद के परिजनों को फोन द्वारा घटना की सूचना दे दी गई है।

# रक्तदान शिविर का आयोजन 56 लोगों ने अपनी मर्जी से किया रक्तदान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। रोटरी क्लब उन्नाव ने रविवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कुल 56 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इसका उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिविर का उद्घाटन क्लब के पदाधिकारियों और वरिष्ठ सदस्यों ने किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि रक्त की कमी के कारण गंभीर मरीजों को अक्सर परेशानी होती है, इसलिए ऐसे शिविर जीवन बचाने में सहायक होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्लब कई वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय है और रक्तदान शिविर उसकी मुख्य गतिविधियों में से एक है। शिविर में युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक उत्साहपूर्वक रक्तदान करने पहुंचे। चिकित्सकों की एक टीम ने प्रत्येक रक्तदाता की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें सुरक्षित रक्तदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। टीम ने बताया कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित है और एक यूनिट रक्त किसी मरीज के लिए जीवनरक्षक हो सकता है। रक्तकोष के चिकित्सकों ने जानकारी दी कि शिविर में एकत्र की गई सभी 56 यूनिट रक्त को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा जाएगा। यह रक्त दुर्घटना, प्रसव, कैंसर, थैलेसीमिया और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जान बचाने में सहायक होगा। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में सुरक्षित रूप से रक्तदान कर सकता है, अतः लोगों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। शिविर में शामिल कई रक्तदाताओं ने बताया कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि उनका रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। कई युवा पहली बार रक्तदान करने आए थे। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और समाज में सेवा की भावना को बढ़ावा देने का आग्रह किया। रोटरी क्लब ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, स्वास्थ्य विभाग की टीम और स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया। क्लब के पदाधिकारियों ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखने की बात कही।

### नेशनल हाईवे मार्ग में बिहार रोड के सामने कट न होने से लगातार हो रहे हादसे

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। मौरावां से बिहार होते हुए बक्सर व फतेपुर तक जाने वाले मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे के बीच से होकर निकलता है मार्ग के सामने हाईवे में कट नहीं होने से कारण लगातार हो रहे हादसे तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र से होकर उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे निकला हुआ है मौरावां व बिहार होते हुए बक्सर व फतेपुर को जाने वाले मुख्य मार्ग के सामने नेशनल हाईवे बिहार थाने के सामने नेशनल हाईवे में कट नहीं होने के कारण लगातार खतरे हो रहे हैं मौरावां व बिहार होते हुए बक्सर जाने के लिए थाने से लगभग 500 मीटर विपरीत दिशा में नेशनल हाईवे में चलकर रावतपुर के सामने कट से अपनी दिशा में जाते हैं जिसके कारण तेज रफ्तार से आ रहे वाहन अपनी दिशा से विपरीत दिशा से जा रहे वाहनों में टक्कर हो जाती है हादसे हो रहे हैं हादसों को ध्यान में रखते हुए शासन को कई बार लोगों ने नेशनल हाईवे में कट बनवाने की मांग उठाई है लेकिन अभी तक नेशनल हाईवे में बिहार रोड के सामने कट नहीं बना

# पुलिस झंडा दिवस पर पुलिस लाइन में कार्यक्रम हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। रविवार को पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) अखिलेश सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस समारोह में जिले के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद एएसपी अखिलेश सिंह ने अधिकारियों और जवानों को संबोधित किया। उन्होंने पुलिस ध्वज के इतिहास, महत्व और इसकी गरिमा बनाए रखने की जिम्मेदारी पर जोर दिया। सिंह ने कहा कि पुलिस ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि अनुशासन, निष्ठा, साहस और सेवा भाव का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। एएसपी ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा भेजा गया संदेश भी सभी के बीच पढ़कर सुनाया। इस संदेश में पुलिसकर्मियों की भूमिका, जनता के प्रति उनके दायित्व और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का उल्लेख था। अखिलेश सिंह ने कहा कि पुलिस ध्वज दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारा हर कदम पुलिस की गरिमा और जनता के विश्वास को मजबूत करने वाला होना चाहिए। अपने संबोधन में अखिलेश सिंह ने पुलिसकर्मियों के कठिन परिश्रम, निरंतर ड्यूटी और चुनौतियों के बावजूद जनता की सेवा करने की उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने बताया कि पुलिस बल का प्रत्येक सदस्य समाज की सुरक्षा, शांति और व्यवस्था सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक सचिन राय, विभिन्न शाखाओं के प्रभारी, उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी और आरक्षी सहित सभी कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में पुलिस लाइन परिसर में स्थित पुलिस ध्वज को सलामी दी गई और राष्ट्रहित तथा जनसेवा के संकल्प को दोहराया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में रविवार भोर पहर लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर साइकिल सवार युवक अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया और सडक किनारे पडा रहा सुबह ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस घायल युवक को मियागंज अस्पताल ले गयी जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया सोशल मीडिया द्वारा घटना की जानकारी पर रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंचे जहां पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के रसूल बकिया गांव निवासी राहुल पुत्र घूरु 25 रविवार की रात तीन बजे बडे भाई नीरज की ससुराल आसीवन थाना क्षेत्र के कनिगांव जाने के लिए निकला था इसी बीच आवागोझा गांव के पास दुबे गढी मोड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया और सडक किनारे पडा रहा सुबह ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को घटना की जानकारी दी जिस पर उसे मियागंज अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक के पास कोई आई डी नही मिली तो सोशल मीडिया पर शव की फोटो वायरल की दो घंटे बाद मृतक के परिजन जानकारी होने पर अस्पताल पहुंचे मृतक दो भाई एक बहन के बीच सबसे छोटा था बडा भाई नीरज बहन रेखा की शादी हो चुकी है मृतक लखनऊ में इलेक्ट्रिक बोर्ड बनाने का काम करता था मां रामकली बेटे की मौत से आहत है इस सम्बंध में थाना प्रभारी अखिलेश चंद पांडेय ने बताया कि पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# बारातियों को लेकर जा रही बोलोरो की बस से टक्कर बोलोरो चालक की मौत, सात घायल

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। बारात से बारातियों को लेकर वापस लौट रही बोलेरो काली मिट्टी चौराहे पर मोड़ते समय उन्नाव की तरफ से आ रही रोडवेज बस से टकरा गयी।जिसके बाद बोलेरो और बस दोनों सड़क किनारे खंती में घुस गयी ।दुर्घटना में बोलेरो चालक की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं सात लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से उन्हे वाहन से निकाल कर सीएचसी पहुंचाया जहाँ से गम्भीर हालत देख सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के गाँव रोशनाबाद से शनिवार को एक बारात थाना क्षेत्र के गाँव सकतपुर आई थी जिसमें पंचम खेड़ा निवासी अरुण यादव पुत्र ब्रजेश कुमार अपनी बोलेरो से आया था रात करीब साढ़े ग्यारह बजे वह बारातियों को लेकर लौट रहा था अभी वह काली मिट्टी चौराहे से बांगरमऊ की तरफ मोड़ ही रहा था तभी उन्नाव की तरफ से आ रही राठ डिपो की रोडवेज बस से टकरा गया । टक्कर इतनी जबरदस्त थी जिसमें बोलेरो में चालक की साइड पूरी ध्वस्त हो गयी। दुर्घटना में बोलेरो चालक अरुण की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं बोलेरो में सवार रोशनाबाद निवासी उत्तम पुत्र सुंदर लाल, आशीष पुत्र रघुवीर, ज्ञानेंद्र पुत्र जगदीश, शीतला प्रसाद पुत्र राम औतार, अनिल पुत्र राम पाल निवासी बसंत खेड़ा व एक अज्ञात सहित बस चालक नीलेश कुमार पुत्र खेर दास निवासी गोहन खेड़ा घायल हो गए। जिन्हे थाना पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया जहाँ से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है तथा शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है।

## दहेज रहित सामूहिक विवाह में पहुंचे उद्योग मंत्री, जोड़ों को दिया आशीर्वाद

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज बदरका में चल रहे यज्ञ सैनी हलवाई समाज के दहेज रहित सामूहिक विवाह समारोह में खादी एवं लघु सूक्ष्म उद्योग मंत्री राकेश सचान ने पहुंच कर विवाह के बंधन में बंधे वैवाहिक जोड़ो को आशीर्वाद दिया । उन्होंने आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज में दहेज रूपी दानव ने इतना बढ़ गया है कि सामान्य व्यक्ति एक बेटी की शादी करने में अपने जीवन की सारी पूंजी खपा देता है। इस तरह के आयोजन हर वर्ग में होने चाहिए ताकि धन के अभाव में किसी बेटी व उसके पिता को कष्ट न उठाना पड़े ।सरकार भी ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करती है । उन्होंने सभी जोड़ों को उपहार प्रदान करते हुए उनके वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आए पंद्रह जोड़ो ने एक दूसरे के साथ विवाह के बंधन में बंधने के लिए सहमति दी है। आयोजक रामकुमार गुप्ता ने आए हुए लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रामकुमार गुप्ता शत्रुघ्न गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, आजाद गुप्ता खुशबू गुप्ता, मोनू गुप्ता, संतोष गुप्ता, शुभम गुप्ता, मौजूद रहे।



# आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही 20 लीटर कच्ची शराब बरामद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आबकारी विभाग ने अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। मौरावां थाना क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई के दौरान 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और लगभग 400 किलोग्राम महुआ लहन नष्ट किया गया। यह अभियान जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के निर्देशन में चलाया गया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 पुरवा निशांत सिंह अपनी टीम और स्थानीय पुलिस बल के साथ मौरावां थाना क्षेत्र के संदिग्ध गांवों गौरी और चित्ताखेड़ा में छापेमारी के लिए पहुंचे थे। टीम को मुखबिर खास से सूचना मिली थी कि इन क्षेत्रों में अवैध शराब का निर्माण और बिक्री तेजी से चल रही है। सूचना की पुष्टि के बाद टीम ने दोनों गांवों में दबिश दी और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया। छापेमारी के दौरान, अधिकारियों ने मौके से 20 लीटर कच्ची शराब जब्त की, जिसे सील कर कब्जे में लिया गया। इसके अतिरिक्त, अवैध शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाला लगभग 400 किलोग्राम महुआ लहन भी बरामद हुआ, जिसे टीम ने तत्काल नष्ट कर दिया। इससे अवैध शराब के उत्पादन पर रोक लगाई जा सकी। अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब का व्यवसाय न सिर्फ राजस्व हानि का कारण बनता है, बल्कि यह लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। इसी कारण विभाग अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रहा है। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र ने जानकारी दी कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसी संयुक्त छापेमारी जारी रहेंगी, जिसका लक्ष्य जिले में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी को पूरी तरह समाप्त करना है।

## आठ वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस ने न्यायालय में किया पेश

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। पुलिस ने 23 नवंबर 2025 को आठ वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इन सभी को बांगरमऊ थाना क्षेत्र से पकड़ा गया और माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक, उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। उपनिरीक्षक अजय कुमार यादव के नेतृत्व में बांगरमऊ थाना पुलिस बल ने इस अभियान को अंजाम दिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में नवीन तिवारी (36) पुत्र रामेश्वर तिवारी, निवासी मोहल्ला कटरा, कस्बा बांगरमऊ, और अकील (40) पुत्र मेहदी, निवासी अस्पताल रोड, बांगरमऊ, जनपद उन्नाव शामिल हैं।अन्य गिरफ्तार अभियुक्तों में अशोक (35) पुत्र बुद्धा, मनोज (32) पुत्र बुद्धा, रामगुलाम (52) पुत्र झाऊलाल, सतान (46) पुत्र झाऊलाल, ठाकुर (50) पुत्र पेम्मन, और बुद्धा (55) पुत्र झाऊलाल शामिल हैं। ये सभी ग्राम दुबाईनपुरवा मजरा भिखारीपुर पतसिया, थाना बांगरमऊ, जनपद उन्नाव के निवासी हैं।पुलिस ने इन सभी वारंटी अभियुक्तों को उनके घर के बाहर से गिरफ्तार किया, जो माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट से संबंधित थे। गिरफ्तारी के बाद, उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।



## पति-पत्नी के 29 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के कुशल निर्देशन एवं नीतू सिंह जनपदीय अध्यक्षा वामा सारथी की अध्यक्षता में परिवार परामर्श केन्द्र एवं सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। जनपदीय अध्यक्षा द्वारा उपस्थित जोडों के बच्चों को चॉकलेट वितरित की गयी। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 10, महिला थाना से 06, थाना गंगाघाट से 04, थाना हसनगंज से 03, थाना बांगरमऊ से 02, थाना औरास, थाना बारासगवर, थाना बिहार, थाना फतेहपुर चौरासी से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति संजय चौरसिया, राजेन्द्र सिंह सेंगर, डॉ0 मनीष सिंह सेंगर, शिल्पी श्रीवास्तव सबीहा उमर, डॉ0 अवसार अली, डॉ0 सगीर अहमद एवं सहयोगी शिवेन्द्र तथा पुलिस टीम में हेल्पडेस्क प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, महिला उप निरीक्षक मधु श्रीवास्तव, महिला उप निरीक्षक मिथिलेश वर्मा, उपासना, साधना यादव, अंशू रानी अंजली शर्मा, पूनम राजपूत, लक्ष्मी वर्मा, सेविका पूनम यादव, सोनम पूजा पाल का विशेष योगदान रहा।

## बारात की खुशियां बदली मातम में दीवार गिरने से महिला की मौत, कई घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव थाना असोहा क्षेत्र के गोरिन्दा गांव निवासी रामकुमार कश्यप के पुत्र सुनील की बारात बाराबंकी के तिलया गांव कल गई थी, आज शाम लगभग पांच बजे बारात वापस आई और दुल्हन को गाड़ी से उतारने के बाद मंडप के नीचे रश्म निभाई जा रही थी की अचानक घर मे कच्ची दीवार गिर गई जिसके नीचे लड़के की मौसी विद्यावती 45 वर्ष पत्नी राकेश निवासी अर्जुनगंज जनपद लखनऊ , काजल पुत्री प्रेमशंकर ,उर्मिला पत्नी हनुमान ,राकेश दीवार की चपेट में आकर दब गए ,सभी घायलों को परिजन लेकर निजी नर्सिंग होम कालूखेड़ा लेकर गए जहाँ विद्यावती तथा उर्मिला की हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने मेडिकल कालेज लखनऊ रिफर कर दिया लेकिन रास्ते में विद्यावती की मौत हो गई वही घायल उर्मिला जीवन और मौत के बीच मेडिकल कालेज में लड़ रही है विद्यावती की मौत की खबर सुनते ही गांव में बारात की खुशियां मातम में बदल गई ।मृतका अपने पीछे 21 वर्षीय शिवम तथा 19वर्षीय पुत्री स्वीटी को रोता बिलखता छोड़ गई।

## किशोरी ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत एक किशोरीने संदिग्ध अवस्था मे पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। दादी की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। थाना क्षेत्र के बाबा खेड़ा निवासिनी सायमा 16 वर्ष पुत्री सैयद अली ने रविवार शुबह चिलवल के पेड़ पर अपने दुपट्टे से फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली दिवंगत के भाई तहँसीम के अनुसार जब वह शुबह सोकर उठा उसकी बहन सायमा घर पर नही थी ।काफी खोजबीन के बाद घर से 300 मीटर पीछे स्थित चिलवल के पेड़ से दुपट्टे के सहारे उसका शव लटक रहा था। काफी मशक्कत के बाद उसके शव को नीचे उतारा जा सका। घर मे मौजूद दादी जैनब ने पुलिस को सूचना दी जिस पर बारासगवर थाने के इंचार्जे का कार्य देख रहे राजेन्द्र मिश्रा मय फोर्स मौके पर पहुँचे व शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। दिवंगत के तीन भाई साहिल, तहँसीम व समीम जबकि एक बहन सनाया लगभग 05 वर्ष की है। घर मे पिता शायद अली सहालग में काम करते है जबकि माँ सोनिया बाहर मेरठ में है। थाना इंचार्जे राजेन्द्र मिश्रा ने बताया तहरीर प्राप्त हो चुकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपरांत विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## भीषण जाम में फंसे कई वीआईपी थाना प्रभारी का हुआ तबादला

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शनिवार को आजाद मार्ग बाईपास पर भीषण जाम लग गया। इसमें पूर्व डिप्टी सीएम समेत कई वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद लगभग एक घंटे तक फंसे रहे। यात्रियों और स्थानीय लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना मिलते ही उन्नाव के पुलिस अधीक्षक (एसपी) जेपी सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया और स्वयं सड़क पर उतरकर यातायात को सुचारू कराने का प्रयास किया। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद एसपी ने जाम खुलवाया और वाहनों की आवाजाही सामान्य हो सकी। जानकारी के अनुसार, आजाद मार्ग बाईपास पर जाम लगने का मुख्य कारण भारी वाहनों का अव्यवस्थित तरीके से सड़क पर खड़ा होना था। इसके अतिरिक्त, मार्ग पर पुलिस की अनुपस्थिति ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। वरिष्ठ नेताओं के जाम में फंसने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे थे। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी जेपी सिंह ने तत्काल कार्रवाई की। आजाद मार्ग बाईपास पर समय रहते जाम न खुलवाने और लापरवाही बरतने के आरोप में अचलगंज इंस्पेक्टर राजेश पाठक का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया गया। उन्हें साइबर थाने भेजा गया है। राजेश पाठक की जगह साइबर थाना प्रभारी रहे इंस्पेक्टर ब्रजेश शुक्ला को अचलगंज थाने की कमान सौंपी गई है। यह बदलाव जाम की घटना पर प्रशासनिक नाराजगी का स्पष्ट संकेत माना जा रहा है।

# सीमेंट फैक्टरी के बाहर हाईवे पर खड़े होने वाले ट्रक दे रहे हादसों को न्योता

अमन लेखनी समाचार



भरुआ, सुमेरपुर। कच्चा माल लेकर सीमेंट फैक्टरी में आने वाले ट्रकों के हाईवे किनारे खड़ा होने से हमेशा हादसे का खतरा मंडराता रहता है। यातायात माह होने के बावजूद प्रशासन इन पर कोई कार्रवाई नहीं करता है। इससे ट्रक चालकों के हौसले बुलंद है। खूनी हाईवे 34 के किनारे उद्योग नगरी के आगे प्रेम नगर के समीप एक सीमेंट फैक्ट्री संचालित है। इस सीमेंट फैक्ट्री में कच्चा माल लेकर सैकड़ों ट्रक प्रतिदिन यहां आते हैं। फैक्टरी के अंदर ट्रकों की पार्किंग नहीं होने के कारण यह बाहर हाईवे किनारे खड़े होकर हादसों को न्योता देते हैं। बता दें कि प्रेम नगर के आसपास का क्षेत्र दुर्घटना बाहुल्य है। यहां पर आए दिन हादसे होते रहते हैं और कई लोग जान से हाथ धो बैठे हैं। इसके बाद यहां पर हाईवे के दोनों तरफ भारी वाहन खड़े होने से रोकने में प्रशासन नाकामयाब है। पिछले एक सप्ताह से हाईवे के ऊपर दोनों तरफ ट्रकों की लंबी लाइन लगने से राहगीर परेशान है। दैनिक यात्री दीपक कुमार, संतोष कुमार, रमेश सिंह, आकाश, सत्यम सिंह, राजू, चंद्रपाल, राजाभैया, मनोज कुमार आदि ने बताया कि सीमेंट फैक्टरी के सामने दनों तरफ ट्रकों को खड़ा होने से हाईवे के ऊपर बेहद कम जगह बचती है, जिससे ।खतरे के आसार बढ़ जाते हैं। जरा सी चूक होने पर हादसा हो जाता है। सीमेंट फैक्टरी के मैनेजर अरुण कुमार दीक्षित ने बताया कि कच्चा माल लेकर आने वाले ट्रक समय से पूर्व आकर बाहर खड़े हो जाते हैं। इससे समस्या पैदा होती है। यह ट्रक चालकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग प्रशासन से कर चुके हैं। पीटीओ चंदन पांडे ने बताया कि शनिवार को 27 ट्रकों के चालान किया हैं। फैक्टरी प्रबंधन एवं ट्रांसपोर्ट मालिकों को सख्त हिदायत दी गई है। जल्द ही उनके साथ बैठक करके जागरूक किया जाएगा। उसके बाद भी अगर नियमों का उल्लंघन किया गया तो सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## सम्पादकीय

# बिहार में एक बार फिर सुशासन बाबू सरकार

बिहार में एक बार फिर से सुशासन राज का श्रीगणेश हो गया। मिस्टर क्लीन नाम से प्रसिद्ध नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बन गए हैं। गुरुवार को उन्होंने पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री के साथ 26 मंत्रियों ने भी शपथ ली है। जमुई से जीतीं श्रेयसी सिंह समेत 10 नए चेहरों को नीतीश कैबिनेट में जगह दी गई है। चुनाव से पहले नितीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर तरह- तरह की बातें होती रहीं, लेकिन उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान सैकड़ों रैलियां करके दिखा दिया कि वे पूरी तरह से तैयार हैं। जेडीयू ने 2020 में मिली अपनी सीटों की संख्या लगभग दोगुनी करते हुए 85 सीटें हासिल कीं। नतीजों ने नीतीश की उस क्षमता को भी दिखाया, जिसमें वे गठबंधन को अपना वोट ट्रांसफर कर सकते हैं। चाहे वह किसी भी गठबंधन में हों। हालांकि यह क्षमता लालू प्रसाद और तेजस्वी, मायावती, मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव और चिराग पासवान में भी है, लेकिन नीतीश को जो बात विशिष्ट बनाती है, वह यह है कि वे अपने साथ जुड़ी सभी जातियों के बीच यह कर दिखाते हैं। नीतीश की अपनी जाति, कुर्मी की संख्या बेहद कम है, लेकिन यह तथ्य उनके लिए कोई बाधा नहीं रहा है, ईबीसी, गैर-यादव ओबीसी और महिलाओं का गठबंधन बनाने में उनकी राजनीतिक प्रतिभा को दर्शाता है। अगड़ी जातियों में भी उनके प्रति कोई द्वेष नहीं है। ऐसे राज्य में जहां जातिगत समीकरण गहरे हैं, यह उन्हें एक खास स्थान दिलाता है। नीतीश अपने विकास कार्यों और नेक नियति के लिए जाने जाते हैं। राजनीति में इतनी लंबी पारी गुजारने के बाद भी विरोधियों के पास उनके खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं है। न तो कोई भ्रष्टाचार का मामला और न ही फेराफेरी की गुंजाइश। इसीलिए उन्हें मिस्टर क्लीन भी कहा जाता है। उनके मंत्रियों पर आरोप लगते हैं, लेकिन किसी ने भी सीएम पर भ्रष्टाचार की उंगली नहीं उठाई। राजद प्रमुख लालू यादव के उलट, उन पर अपने बेटे को बढ़ावा देने का आरोप भी नहीं लगाया जा सकता। लालू-राबड़ी के शासनकाल के बाद बिहार को फिर से पटरी पर लाने के लिए उनके शासन और नीतिगत प्रयासों की व्यापक रूप से सराहना की जाती है। बिजली की नियमित उपलब्धता, जो अब समाज के बड़े हिस्से के लिए लगभग मुफ्त है, राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों का जाल और बेहतर कानून-व्यवस्था ने उन्हें प्यार दिलाया। वे बिहार के चहेते बन गए। उनके द्वारा किए गए विकास के चर्चे पूरे बिहार ही नहीं देशभर में होते हैं। पहली बार वह मार्च 2000 में सीएम बने, लेकिन बहुमत न होने के कारण सिर्फ सात दिन बाद ही इस्तीफा देना पड़ा। 2005 में उन्होंने लालू प्रसाद के वर्चस्व को खत्म कर एनडीए सरकार बनाई। 2010 के चुनाव में भी उन्हें बड़ी जीत मिली, जिसके बाद वह फिर मुख्यमंत्री बने। हालांकि 2014 लोकसभा चुनाव में जदयू की हार के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने जीतन राम मांझी को सीएम बनाया, लेकिन फरवरी 2015 में एक बार फिर खुद मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल ली। नवंबर 2015 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को भारी सफलता मिली और उस सरकार में भी नीतीश ही मुख्यमंत्री रहे। 2017 में राजद से टकराव के बाद उन्होंने फिर एनडीए सरकार बनाई। 2020 चुनाव के बाद वे फिर से मुख्यमंत्री बने। 2022 में 8 बार सीएम बने और फिर 2024 में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ये अपने आप में रिकार्ड है और नीतीश इसके नायक। उम्मीद की जानी चाहिए कि वे अपनी सुशासन बाबू की छवि को और बेहतर निखारेंगे।



अंकुश
प्रमोद भार्गव

# अंतिम सांसें गिनता नक्सली माओवाद

मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के बाद सात अन्य नक्सलियों को भी मार गिराया है। इसके साथ तय है कि अब नक्सली हिंसा अपने अंतिम चरण में है। मार्च 2026 तक इसका समूल नाश हो जाएगा, क्योंकि अब प्रमुख नक्सली सरगनाओं की गिनती मात्र 3-4 तक सिमट गई है। यदि वे हथियार डालकर समर्पण नहीं करते हैं तो उनका भी अंत होना तय है। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती है लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगने जा रहा है।

छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के बाद सात अन्य नक्सलियों को भी मारने के साथ तय है कि अब नक्सली हिंसा अपने अंतिम चरण में है। मार्च 2026 तक इसका समूल नाश हो जाएगा, क्योंकि अब प्रमुख नक्सली सरगनाओं की गिनती मात्र 3-4 तक सिमट गई है। यदि वे हथियार डालकर समर्पण नहीं करते हैं तो उनका भी अंत होना तय है। हालांकि इस मुठभेड़ में मप्र के बालाघाट में पदस्थ निरीक्षक आशीष शर्मा को बलिदान देना पड़ा है। माओवादी अर्से से देश में एक ऐसी जहरीली विचारधारा रही है, जिसे नगरीय बौद्धिकों का समर्थन मिलता रहा है। ये बौद्धिक नक्सली संगठनों को आदिवासी समाज का हितचिंतक मानते रहे हैं, जबकि जो आदिवासी नक्सलियों के विरोध में रहे, उन्हें इनकी हिंसक क्रूरता का शिकार होना पड़ा है। बावजूद इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि देश के वामपंथी दलों को कभी भी सुरक्षाबलों का नक्सलियों के खिलाफ चलाया जा रहा सफाये का अभियान पसंद नहीं आया। इससे पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता तब मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। यह कुख्यात दरिंदा होने के साथ गुरिल्ला लड़ाका था। माओवादी पार्टी का इसे पर्याय माना जाता था। इसका नक्सली सफर 1985 से शुरू हुआ था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी।

नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार की कोशिश है कि सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी जाएं जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं। इस नाते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में 4000 से अधिक सैन्यबल तैनात करने जा रहा है। केंद्र सरकार की कोशिश है कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाए। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों की अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। मजबूत और कठोर कार्य योजना को अमल में लाने का ही नतीजा है कि सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 2024 में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं। शाह का कहना है कि 2004-14 की तुलना में 2014 से 2024 के दौरान देश में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की 16,274 वारदातें दर्ज की गई थीं, जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 सालों में इन घटनाओं की संख्या घटकर 7,696 रह गई। इसी अनुपात में देश में माओवादी हिंसा के कारण होने वाली मौतों की संख्या 2004 से 2014 में 6,568 थीं, जो पिछले दस साल में घटकर 1990 रह गई हैं और अब सरकार ने जो नया संकल्प लिया है। उससे तय है कि जल्द ही इस समस्या को निर्मूल कर दिया जाएगा। जिस



तरह से नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी शक्ति अभी शेष है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निशाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनका कार्यक्षेत्र वह आदिवासी बहुल इलाके हैं, जिनमें ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों में छिपने के स्थलों और जल स्त्रोतों से भी ये खूब परिचित हैं। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही है। हालांकि अब इनके हमलों में कमी आई है। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्त्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की मुहिम जारी रहनी चाहिए। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं। लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए थे, उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में अब तक सफल नहीं हो पाई हैं। इस मुठभेड़ में मारे गए हिड़मा का बस्तर के इस जंगली क्षेत्र में बोलबाला रहा है। अब हिड़मा के मारे जाने के बाद नक्सली समस्या के हल की गुंजाइश बढ़ गई है। कांग्रेस की पूर्व केंद्र तथा छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार नक्सली समस्या से निपटने के लिए दावा करती रही हैं कि विकास इस समस्या का निदान है। यदि तत्कालीन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के विकास संबंधी विज्ञापनों में दिए जा रहे आंकड़ों पर भरोसा करें तो छत्तीसगढ़ की तस्वीर विकास के मानदण्डों को छूती दिख रही है, लेकिन इस अनुपात में यह दावा बेमानी है कि समस्या पर अंकुश विकास की धारा से लग रहा है, क्योंकि इसी दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को नक्सली बनाए जाने के प्रमाण भी मिले थे। 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अपदस्थ कर भाजपा फिर सत्ता में आई, उसके बाद से ही नक्सलियों के सफाए का सिलसिला चल रहा है। दरअसल, देश में अब तक तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की थी और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था।

माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती हैं। लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगने जा रहा है।

## दिवस विशेष

डॉ.रमेश ठाकुर



# सूचना संसार पर 'टेलीविजन' ने जमाया अंगद की तरह कदम

चाहें सूचनाएं हों या मनोरंजन के साधन, दोनों ही धड़े अब टेलीविजन के इर्द-गिर्द ठहर गए हैं। सूचनाओं के प्लेटफार्म बेशक बहुतेरे हों, जैसे अखबार, रेडियो, सोशल मीडिया आदि, टीवी ने दर्शकों का सर्वाधिक हिस्सा अपनी ओर घुमा लिया है। आज 'विश्व टेलीविजन दिवस' है जो सालाना नवंबर की 21 तारीख को समूचे संसार में मनाया जाता है। वर्ष 1996 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस मकसद के साथ घोषित किया, ताकि निर्णय लेने में टेलीविजन के बढ़ते प्रभाव को पहचाना जा सके और शांति, सुरक्षा और आर्थिक व सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में इसकी भूमिका को सराहा भी जा सके। टेलीविजन दर्शकों को उनकी पसंद का सारा मनचाहा मैटेरियल घर बैठे-बिठाए परोस रहा है। इसलिए कह सकते हैं कि टेलीविजन ने अंगद की भांति देश-दुनिया की तमाम सूचनाओं और मनोरंजनों के साधनों को पहुंचाने और विचारों के आदान-प्रदान के तौर पर अपने पांव मजबूती से जमा लिए हैं। भारत में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत दिल्ली से 15 सितंबर, 1959 को हुई, जो कुछ वर्षों में तेजी से रफ्तार पकड़ी। टीवी के आविष्कार की जहां तक बात है, तो एक प्रसिद्ध स्कॉटिश इंजीनियर थे जिन्होंने टीवी को पहली मर्तबा खोजा। नाम था 'जॉन लोगी बेयर्ड'। जॉन ने वर्ष-1924 में टीवी का श्रीगणेश किया। फिर 1927 में संसार में पहले वर्किंग टेलीविजन का निर्माण हुआ, जिसे सितंबर की पहली तारीख और सन 1928 को प्रेस के सामने प्रस्तुत किया गया। इसके बाद टीवी ने अपना ऐसा प्रभाव छोड़ा, जिसके सामने समूचा संसार नतमस्तक हो गया। वैसे, कलर टेलीविजन के आविष्कार का भी श्रेय महान वैज्ञानिक 'जॉन लोगी बेयर्ड' को ही जाता है जिन्होंने 1928 में टीवी के सफेद पर्दे को रंगीन में बदला था। उसके बाद से रंगीन टीवी का प्रचलन आरंभ हुआ। रेडियो ने जहां आवाज और अखबार ने पठनीय माध्यमों से सूचनाओं को पंख लगाए हैं। वहीं, टेलीविजन ने संचार को दृश्यात्मकता तौर पर आंखें प्रदान कर दी हैं। टेलीविजन की पकड़ सिर्फ मनोरंजन तक नहीं है, बल्कि, समाचार, विचार, शिक्षा और जागरूकता जैसे असंख्य क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किए हैं। टीवी आमजनों की विभिन्न जिज्ञासाओं को भांप कर उन्हें वैसा ही स्वाद देने का प्रयास करता है। सरकारी योजनाएं हों या सार्वजनिक सूचनाएं सभी में टीवी का पर्दा अभूतपूर्व और अव्वल भूमिका निभा रहा है। कह सकते हैं कि टेलीविजन ने सशक्त और द्रुतगति का जरिया बनकर सुगमता के अनगिनत रास्ते खोलने की महती भूमिका निभाई है। विकास और आविष्कार हमेशा से एक-दूसरे के समानार्थी सहयोगी रहे हैं। ये तथ्य समानरूपी चरितार्थ इसलिए हैं कि विकास और आविष्कार ने मिलकर विगत तीन दशकों में बड़ा विस्तार किया है जिसमें टेलीविजन की अग्रणी भूमिका रही है। यूं कहें कि टेलीविजन का पर्दा प्रत्येक इंसान के जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। वर्ष 1996 के आसपास की बात है, जब पहली मर्तबा विश्व टेलीविजन फोरम की याद में हर साल 21 नवंबर को 'विश्व टेलीविजन दिवस' मनाने का प्रचलन शुरू हुआ। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र ने लोगों के निर्णय की क्षमता पर ऑडियो-विजुअल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और अन्य प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में टीवी की संभावित भूमिका को पहचानने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। 21वीं सदी में टेलीविज़न ने मुद्रित माध्यम की साक्षर होने की शर्त को भी अनावश्यक प्रमाणित कर दिया। भारतीय संदर्भ में देखें, तो सिनेमा उद्योग आज भी अपनी फिल्मों के प्रमोशन से लेकर रिएलिटी शोज़ को आगे बढ़ाने के लिए टेलीविज़न की ओर ही दौड़ते हैं। दरअसल, उनको टीवी की ताकत का अंदाजा अच्छे से है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जब देशवासियों से कुछ कहना होता है, तो वह भी टीवी के जरिए ही अपनी जरूरी बात को सभी तक पहुंचाते हैं। मौजूदा वक्त में टीवी की भूमिका में एक और बड़ा अध्याय जुड़ गया है। संचार क्रांति फोटोग्राफी, टेलीग्राफी, रेडियो और टेलीविज़न के आविष्कारों से समृद्ध होते हुए बदलाव का सिलसिला अब इंटरनेट तक पहुंच गया है।

# हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती है



संकलित
दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

# श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे यौद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों को किसी भी रूप में खाता है, उस पर उनका विपरीत असर भी पड़ता है। फल- सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। – *मनोज वर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### शपथ लेने पर बधाई



बिहार के मुख्यमंत्री पद की पुनः शपथ लेने पर नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को हार्दिक बधाई! साथ ही आज शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को भी बहुत बधाई। सभी के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ।
-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### मिल्खा सिंह को श्रद्धांजलि



भारतीय खेल जगत के गौरव, 'फ्लाइंग सिख', 'पद्म श्री' मिल्खा सिंह को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि! उनके हर कदम में संघर्ष की गूंज थी, हर जीत में राष्ट्र का गौरव था। मिट्टी के ट्रैक से विश्व मंच तक पहुंचने की उनकी यात्रा ने दुनिया को सिखाया कि मेहनत ही सबसे बड़ा पदक है।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### हेली पर्यटन सेवा



मध्यप्रदेश में पर्यटन क्षेत्र के नए युग का शुभारंभ... आज से पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा का नियमित रूप से संचालन होने जा रहा है। इस सुविधा से कम समय में अधिक गंतव्यों की यात्रा पूर्ण होगी। अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यटन में भी वृद्धि होगी।
- डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

### हवा स्वच्छ बनाने के प्रयास



दिल्ली की हवा को स्वच्छ बनाने के लिए स्प्रिंकलर, एंटी-स्मॉग गन, मैकेनिकल स्वीपर्स, मिस्ट-स्प्रे सिस्टम, निर्माण स्थलों पर एंटी-स्मॉग व्यवस्था और रोजाना कचरे की बायो-माइनिंग जैसे प्रयास निरंतर जारी हैं।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# मेटा ने आस्ट्रेलियाई किशोरों को डेटा के लिए किया सचेत

प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा ने बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया के हजारों किशोर उपयोगकर्ताओं को दो हफ्तों में अपनी डिजिटल 'हिस्ट्री' डाउनलोड करने तथा फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड्स से अपना खाता हटाने की चेतावनी भेजनी शुरू कर दी है। यह कदम दुनिया में पहली बार लागू होने वाले उस सोशल मीडिया प्रतिबंध से पहले उठाया गया है, जिसके तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के खाते बंद किए जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने दो सप्ताह पहले घोषणा की थी




## ऑफ बीट

# भोजन के साथ आपके संबंध कैसे हैं

क्या आप अपने शरीर के संकेतों को समझते हैं, जिसका अर्थ है कि आपको पता है कि आपको कब भूख लगी है, कब नहीं और कब पेट भरा हुआ महसूस हो रहा है? सभी खाद्य समूहों में नियमित अंतराल पर उचित मात्रा और विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि आपकी पोषक तत्व, स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी ज़रूरतें पूरी हों? दूसरों के साथ खाना और अकेले खाना भी आरामदायक है? क्या आप भोजन का आनंद लेने में सक्षम हैं, यदि आपको अधिक जवाब हां में नहीं मिले, तो आपको भोजन के साथ अपने रिश्ते को बेहतर बनाने पर काम करने की आवश्यकता हो सकती है।



## संक्षेप

### किराना व्यापारी की हत्या

**पुलिस चोरी और आपसी विवाद के एंगल से कर रही जांच, 2-3 संदिग्ध हिरासत में**

सुलतानपुर, कादीपुर में एक किराना व्यापारी की हत्या कर दी गई है। पुलिस इस मामले में चोरी और आंतरिक विवाद दोनों पहलुओं से जांच कर रही है। दो से तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। जलालपुर पांडेय का पूरा निवासी 46 वर्षीय किराना व्यापारी राकेश कुमार का शव बृहस्पतिवार सुबह उनकी दुकान के सामने खून से लथपथ मिला। अज्ञात हमलावरों ने लाठी से पीटकर उनकी हत्या की थी। राकेश कुमार की कादीपुर खुर्द देवाढ़ बाजार में किराना दुकान थी, जो उनके घर से लगभग दो किलोमीटर दूर है। बुधवार रात वह खाना खाने के बाद दुकान पर सोने गए थे। मृतक के बड़े भाई राजेश की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक लाठी भी बरामद हुई है, जिससे हमला कर राकेश की हत्या किए जाने की आशंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, व्यापारी की मौत सिर और कान में गंभीर चोट लगने से हुई है। मृतक के चाचा राम सागर ने बताया कि राकेश दुकान के बाहर सो रहे थे।

### घर में आगजनी, जान से मारने की धमकी

**बेटियों के अपहरण का प्रयास, पीड़ित परिवार ने एसपी से की शिकायत**

सुलतानपुर, कादीपुर कोतवाली क्षेत्र में एक दिव्यांग परिवार ने अपने घर में आगजनी, जान से मारने की धमकी और बेटियों के अपहरण के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की। भवानीपुर गांव निवासी सुरेंद्र कुमार ने शिकायत में बताया कि 13 नवंबर की रात करीब 8 बजे गांव के प्रेम प्रकाश जायसवाल, जय प्रकाश जायसवाल और विजय प्रकाश जायसवाल ने कथित तौर पर वोट की राजनीति के चलते उनके घर में आग लगा दी। इस घटना में कपड़े, 75,000 रुपए नकद और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गए, जिससे लगभग 3 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। सुरेंद्र कुमार के मुताबिक, आग बुझाने के लिए ग्रामीण इकट्ठा हुए और दमकल की टीम भी मौके पर पहुंची।

### महिला के खेत में रखी फसल जलाई

**जयसिंहपुर में विपक्षियों पर लगा आरोप, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

जयसिंहपुर, कोतवाली क्षेत्र के पारा गांव में एक महिला की खेत में रखी धान की फसल को विपक्षियों ने जला दिया गया। महिला ने अपने विपक्षियों पर रंजिश के चलते फसल जलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के पारा गांव निवासी ज्ञानमती पत्नी महंतराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके खेत में मड़ाई के लिए काटकर रखी गई धान की फसल में आग लगा दी गई। आग लगने से हजारों रुपए का नुकसान हुआ है।

ज्ञानमती के अनुसार, दो दिन पहले जब वह अपने खेत की जुताई के लिए ट्रैक्टर ले जा रही थीं

# नुक्कड़ नाटक के जरिए यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## एपेक्स स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ सभा कर लोगों को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एपेक्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने बस स्टॉप तहसील गेट पर नुक्कड़ नाटक सभा करके लोगों को यातायात के प्रति जागरूक किया।

जागरूकता कार्यक्रम के मद्देनजर स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए से लोगों को यातायात संबंधी बातें बताई स्कूली बच्चों का नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शनी बहुत ही बेहतरीन और शानदार रहा। स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए यातायात संबंधी नियम कानून बताएं लोगों को सदा हेलमेट लगाकर चलने की अपील भी की। सर सलामत तो सब सलामत का नारा, जान है तो जहान है यह जिंदगी अमूल्य है इसका कोई और विकल्प नहीं है इसलिए हम सभी मानव जाति को मोटरसाइकिल से जब भी चलें अगल-बगल आगे पीछे देख कर मोटरसाइकिल चलाएं। मोटरसाइकिल चलाते समय मोबाइल का कतई इस्तेमाल न करें, शराब पीकर गाड़ी कतई ना चलाएं। क्योंकि आप की एक जान के पीछे दर्जनों लोगों का भविष्य जुड़ा रहता है। इसलिए जीवन अमूल्य है इसका सदुपयोग करें। नाटक कार्यक्रम के दौरान कैसरगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेंद्र कुमार मिश्र, कस्बा कैसरगंज सब इंस्पेक्टर इजलास प्रसाद, दीवान विजय कुमार आदि व कैसरगंज थाने की पुलिस भारी संख्या में मौजूद रही।

# खलिहान व मुख्य मार्ग से अवैध अतिक्रमण हटाने हेतु ग्रामीणों की मांग, प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के तहसील कोतवाली नानपारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहबतिया के पंडित पुरवा गांव निवासी ग्रामीणों ने रविवार को गांव के पास पड़े खलिहान श्रेणी 6-4 की भूमि से गांव निवासी कुछ दबंगों द्वारा मिट्टी निकालने व मुख्य मार्ग की पटरियों को अवरुद्ध करने, खलिहान भूमि में किये गए अवैध कब्जे को हटवाने को लेकर शांति प्रदर्शन कर प्रशासन से गुहार लगाई है। पीड़ित ग्रामीण प्रदीप कुमार, गोलू, हीरालाल यादव, राम मिश्रा, रामू, बसंत, पिंटू, अवधेश सुंदरलाल, दीनानाथ मिश्रा आदि ने बताया कि गाटा संख्या 346 भूमि बतौर खलिहान की है जिसमें ग्रामीण अपनी फसलों से अनाज निकालने के उपयोग में लेते हैं। इस भूमि पर गांव निवासी कुछ दबंगों द्वारा खनन करवा लिया गया, तत्पश्चात अवैध कब्जा कर लिया गया है। गांव निवासी दबंगों ने सार्वजनिक सड़क की पटरियों पर घूर गंदगी लगाकर अतिक्रमण किया गया है। उक्त के संबंध में पीड़ित प्रदीप कुमार द्वारा बीते दिनों पूर्व आईजीआरएस व एसडीएम नानपारा को प्रार्थनापत्र देकर सड़क की पटरियों से अतिक्रमण व खलिहान की भूमि को पैमाइश कराने, अवैध कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग किया है।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पर 03 बीएलओ के विरूद्ध होगी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग की शीर्ष प्राथमिकता पर आधारित विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) में लापरवाही बरतने पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-284 मटेरा के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरा अधिकारी द्वारा 03 बूथ लेबिल अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की संस्तुति की गई है। सहायक निर्वाचन अधिकारी के प्रकियाधीन विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा के दौरान पाया गया कि बार-बार निर्देशित किये जाने के बावजूद 03 बीएलओ द्वारा अपने कार्यो के प्रति लापरवाही बरती जा रही है तथा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है। जिसके कारण डिजिटाइजेशन का कार्य पिछड़ा हुआ। सहायक निर्वाचन रजि. की आख्या का संज्ञान लेते हुए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मटेरा द्वारा क्षेत्र से अनुपस्थित पाये जाने पर ब्लाक रिसिया अन्तर्गत मतदेय स्थल 210-प्रा.वि. करनिया (क.न.-1) के लिए तैनात बी.एल.ओ. सहायक अध्यापक लेखा अरोड़ा तथा डिजिटाइजेशन का कार्य 01 प्रतिशत से भी कम पाये जाने पर ब्लाक रिसिया के मतदेय स्थल 223-प्रा.वि. रमवापुर (क.न.-1) के लिए तैनात बी.एल.ओ. सहायक अध्यापक अजय वर्मा तथा ब्लाक चित्तौरा अन्तर्गत 283-उ.प्रा.वि. रायपुर (क.न.-2) के लिए तैनात बी.एल.ओ. शिक्षा मित्र ओमकार नाथ के विरूद्ध कार्यवाही के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संस्तुति पत्र प्रेषित किया गया है।

# ग्राम पंचायत गंगापुर में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा




बहराइच। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में आरएचएन फाउंडेशन द्वारा रविवार को ग्राम पंचायत गंगापुर विकास खण्ड नवाबगंज में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ। ग्राम प्रधान गंगापुर आशीष पाण्डेय ने बताया कि पंचायत भवन गंगापुर विकास खण्ड नवाबगंज में नेत्र चिकित्सा शिविर में आए मोतियाबिन्द के मरीजों का सीतापुर हास्पिटल में निशुल्क ऑपरेशन होगा। बहराइच जिले के नवाबगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत गंगापुर पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में राधेलाल हरिनारायण चैरिटेबल ट्रस्ट (आरएचएन फाउन्डेशन) के सौजन्य से चलाई जा रही रज्जू भैया मोबाइल नेत्र सेवा की ओर से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन अर्चन व आरती कर शिविर का शुभारम्भ किया गया। आरएचएन फाउन्डेशन के संयोजन में आए सीतापुर आंख अस्पताल से शिविर संचालक शैलेंद्र सहित 10 नेत्र चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर में लगभग 300 ग्रामीण मरीजो की जांच की गई एवं 65 मोतियाबिंद मरीजों को सीतापुर आँख अस्पताल बस द्वारा भेजा गया, तथा लोगों को आरएचएन फाउंडेशन द्वारा निशुल्क दवा व चश्मे वितरित किए गये। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान आशीष कुमार पांडेय, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के खण्ड संघ चालक कृष्ण चन्द्र पाठक, सह खंड कार्यवाह आशीष त्रिपाठी, संतोष पाण्डेय, शिवकुमार, नरेंद्र कुमार, प्रदीप आदि लोग उपस्थित रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ गढ़ीघाट में शुरू हुई श्रीमद् भागवत की कथा

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवादा पूरे कस्बाती के गढ़ीघाट में बीते शनिवार को सरयू नदी से भव्य कलश यात्रा का आयोजन होते हुए श्रीमद् भागवत महापुराण की संगीतमयी कथा प्रारंभ हुई। मैनपुरी इटावा से आई कथावाचक व्यास गोल्डी शास्त्री द्वारा शनिवार को देवी देवताओं व बेदी का पूजन कर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। जिस क्रम में ग्राम प्रधान बुद्धि लाल वर्मा व अन्य आयोजकों ने सुश्री शास्त्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सैकड़ो की संख्या में उपस्थित श्रोता श्रीमद्भागवत की संगीतमय कथा सुन मंत्र मुग्ध हो उठे। सुश्री शास्त्री ने बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का उद्देश्य व्यक्ति के मोक्ष के साथ समाज में व्याप्त आडंबरों को दूर करना, युवाओं को सन्मार्ग दिखाना व शांति दया परोपकार सदाचार रास्ता दिखाना है। भारतीय संस्कृति को विश्व भर में श्रेष्ठ का दर्जा दिलाने वाले महापुरुषों तथा प्रभु श्री राम जी के पदचिन्हो पर चलने उनका अनुकरण



करने की सीख देती है। आयोजन में राजेश कुमार यादव, अमन कुमार, संतोष, छोटेलाल, रघुनाथ, विश्वनाथ, आलोक यादव, जयकरण यादव सहित काफी संख्या में भक्त जनों का सहयोग रहा है।

# 19 टीमों की राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता शुरू

## डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में 21 से 24 नवंबर तक चलेंगे मुकाबले

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज अमेठी के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में हुआ। मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने इसका उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 मंडलों और अमेठी छात्रावास की टीम सहित कुल 19 टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में अयोध्या के क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना और यूथ काउंसिल ऑफ इंडिया के संस्थापक डॉ. सुनील वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के पहले दिन कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। इनमें अमेठी छात्रावास ने देवीपाटन को, आजमगढ़ ने सहारनपुर को, प्रयागराज ने चित्रकूट को, झांसी ने गोरखपुर को और मेरठ ने बस्ती को हराकर जीत दर्ज की। निर्णायक मंडल में प्रेम प्रकाश सिंह, मनीष, रणविजय, पंकज यादव, ध्रुव और प्रवीण मिश्र शामिल थे। आयोजन के दौरान राम आसरे, सचिन भारद्वाज, प्रांजल तिवारी, मुकेश यादव, नेहाल तिवारी सहित स्टेडियम स्टाफ के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। राजकीय इंटर कॉलेज टीचर माफी के प्रवक्ता डॉ. हामिद ने प्रतियोगिता का सफल संचालन किया। चार दिनों तक चलने वाली इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साह और कौशल देखने को मिल रहा है। अगले दिनों में और भी रोमांचक मुकाबले होने की उम्मीद है।

# पूर्व विधायक के भतीजे सहित चार आरोपी अरेस्ट

## अलीगढ़ में प्लॉट न बेचने पर फायरिंग की थी, लाठी-डंडे और सरियों से मालिक को पीटा

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़, थाना महुआखेड़ा क्षेत्र के देवी नगला में शाम हुए प्लॉट विवाद के बवाल में पुलिस ने दोनों पक्षों से चार आरोपियों को जेल भेज दिया है। इनमें फायरिंग का मुख्य आरोपी और पूर्व विधायक अमर सिंह यादव का भतीजा मोहकम सिंह भी शामिल है। पुलिस ने रिवॉल्वर के लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट डीएम को भेजी है। देवी नगला में रोहन सिंह यादव का एक 260 वर्ग गज का प्लॉट खाली पड़ा है। वह उसमें अपने मवेशी बांधते हैं। यह प्लॉट पूर्व विधायक के भतीजे मोहकम सिंह यादव के मकान के ठीक सामने है। प्लॉट सामने होने के कारण मोहकम उसे बहुत दिनों से लेने के लिए दबाव बना रहा था। रोहन सिंह के बेटे अर्जुन ने बताया कि प्लॉट बेचने से मना करने पर यह हमला हुआ था। उनका कहना है कि बाहर से भी कुछ लोग बुलाए गए थे। रोहन सिंह यादव का बेटा अर्जुन भैंस खोलने गया था, उसी समय उस पर हमला लाठीझडंडों और सरिया से मोहकम सिंह यादव ने अपने भाइयों और साथियों के साथ हमला बोला था। शोर सुनकर बचाने आए छोटे भाई नकुल पर भी हमला कर दिया। थोड़ी ही देर में बचाने पहुंचे ताऊ के बेटे सोनपाल पर लाठीझडंडों और फावड़े से हमला कर बेहोश कर दिया। तीनों भाइयों को बचाने के लिए परिवार के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए और थोड़ी ही देर में दोनों पक्षों की ओर से पथराव शुरू हो गया। तभी मोहकम सिंह यादव ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से फायरिंग कर दहशत फैला दी। गोलियों से रोहन सिंह के घर पर लगा पाइप टूट गया।

गोलियां दीवार में घुस गईं। इस घटना में दोनों ओर से लगभग आधा दर्जन लोग घायल हुए। घटना के मामले में पहली तहरीर रोहन पक्ष की ओर से दी गई थी, लेकिन पुलिस ने उपद्रव हमला और बवाल को देखते हुए खुद ही दोनों पक्षों पर हमला, मारपीट, उपद्रव जैसी विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। मोहकम पक्ष से सात और रोहन पक्ष से चार लोगों को नामजद किया गया है।

वहीं, फायरिंग के आरोपी मोहकम की लाइसेंसी रिवॉल्वर, तीन कारतूस और तीन खोके भी बरामद किए हैं। मोहकम सिंह, उसके बेटे हर्षित और सोमवीर व रोहन के बेटे सहदेव को हिरासत में लेकर न्यायालय पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

# किसानों पर दर्ज हुए फर्जी मुकदमे

## भाकियू ने जांच कर रद्द करने की मांग की, सिटी मजिस्ट्रेट से मिले

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने तिकोनिया पार्क में किसानों की समस्याओं पर एक बैठक की। इस दौरान संगठन ने किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर नाराजगी व्यक्त की और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के बाद यूनियन ने सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को एक मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में मोतिगरपुर थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यूनियन का दावा है कि थाना पुलिस ने ग्राम काछा भिटौरा के पांच किसानों के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज किए हैं। भारतीय किसान यूनियन ने इन मुकदमों की गहन जांच कर उन्हें तत्काल रद्द करने की मांग की है। यूनियन ने निर्णय लिया है कि जिला कार्यकारिणी के सदस्य अगले एक सप्ताह के भीतर जिले के विभिन्न अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इसका उद्देश्य किसानों की लंबित समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। जिन अधिकारियों से संपर्क किया जाएगा उनमें जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता, अधिशासी अभियंता (इंड 16), उपजिलाधिकारी सदर, अपर पुलिस अधीक्षक और जिला पूर्ति अधिकारी शामिल हैं। एक अन्य मामले में, लम्भुआ तहसील के ग्राम छापर, थाना चौदा निवासी सुरेशचंद्र पुत्र रामकरन की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप है। दारुदीन पुत्र राम गरीब और प्रिंस पुत्र दाऊदीन नामक पड़ोसियों पर जबरन जमीन हड़पने का आरोप लगाया गया है। किसानों ने प्रशासन से इस अवैध कब्जे को तुरंत हटवाने की अपील की है। इसके अतिरिक्त, ग्राम भेदेया निवासी सिराज अहमद और मो. आरिफ पुत्र दरगाही ने 2019 में श्रीराम बजाज से एक थ्री-व्हीलर खरीदा था।

# एसडीएम मांट ने महिला-पुरुषों को किया जागरूक

## मथुरा में एसआईआर फोरम भरने की प्रक्रिया समझाई, दिक्कतों पर दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, मांट की उपजिलाधिकारी (एसडीएम) रितु सिरोही ने सुरीर कोतवाली क्षेत्र में एसआईआर फोरम भरने के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने कई गांवों का दौरा कर महिला-पुरुषों को इस फोरम से संबंधित जानकारी दी। एसडीएम रितु सिरोही ने सुल्तानपुर, डाक बंगला, तेहरा, परसोती गढ़ी और टैंटीगांव जैसे गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को एसआईआर फोरम भरने की पूरी प्रक्रिया समझाई। ग्रामीण महिलाओं को फोरम भरने में आ रही दिक्कतों को एसडीएम ने गंभीरता से लिया। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इसके अतिरिक्त, एसडीएम मांट ने सुरीर कलां में प्रधान प्रतिनिधि, कोटेदारों और आसपास के महिला-पुरुषों को भी फोरम भरने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को जल्द से जल्द सही तरीके से फॉर्म भरकर जमा करने के लिए प्रेरित किया।

# खेत में मिलीं मानव हड्डियां और बाल

## लापता किशोरी के परिजनों की बेचैनी बढ़ी, आएगी डीएनए रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, फुरसतगंज थाना क्षेत्र के पूर्वी राजा गांव मजरा निगोहां के पास एक धान के खेत की मेड़ पर मानव हड्डियाँ और बाल मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। स्थानीय पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है। हड्डियों के पास मिले लंबे बाल, कपड़े और चप्पल देखकर गांव की सुशीला पत्नी फूलचंद रैदास ने आशंका जताई है कि ये अवशेष उनकी 16 वर्षीय लापता बेटी महिमा के हो सकते हैं। सुशीला ने ही सबसे पहले इन अवशेषों को देखकर पुलिस को सूचित किया था। महिमा 8 अक्टूबर से लापता है। परिजनों के मेले से लौटने पर महिमा घर पर नहीं मिली थी। दो दिन की तलाश के बाद, सुशीला ने 10 अक्टूबर को पुलिस में तहरीर दी थी, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया था। लगभग डेढ़ महीने बीत जाने के बाद भी महिमा का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। प्रभारी निरीक्षक नंद हौशिला यादव ने बताया कि खेत से कुछ मानव हड्डियाँ बरामद हुई हैं। ये किसकी हैं, इसकी पुष्टि के लिए पोस्टमॉर्टम और डीएनए जांच कराई जा रही है। सुशीला द्वारा अवशेषों को अपनी बेटी का बताए जाने के कारण जांच प्रक्रिया को गंभीरता से आगे बढ़ाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, डीएनए परीक्षण की रिपोर्ट आज आनी है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मिले अवशेष महिमा के हैं या किसी और के।

## संक्षेप

### 2 युवकों की मौत, परिजनों ने लगाया जाम

**गाजियाबाद में कार ने मारी टक्कर, 1 घायल, बाइक से जा रहे थे तीनों**

गाजियाबाद, एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक सड़क पर दूर जाकर गिरे। हादसे में प्रियांशु की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर सवार दो अन्य युवक (साहिल और शिवा) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने दोनों को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान शिवा की भी मौत हो गई। तीसरे घायल की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सामान्य रफ्तार में चल रही थी, लेकिन इनोवा इतनी तेज थी कि टक्कर लगते ही बाइक कई मीटर दूर जा गिरी। लोगों ने जैसे ही हादसा देखा, मौके की ओर दौड़ पड़े। वहीं, कार में सवार लोग मदद करने के बाद गाड़ी मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि बाइक पर तीन लोग सवार थे और कार काफी तेज रफ्तार में थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बचने की कोई संभावना नहीं बची। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और दावा किया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। हादसे की खबर जैसे ही मृतकों के घर पहुंची, परिवारों में कोहराम मच गया। गुरुवार सुबह गुस्साए परिजनों ने अंबेडकर रोड पर जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। परिजनों का कहना था कि जब तक आरोपी कार चालक गिरफ्तार नहीं होगा और उन्हें इंसाफ नहीं मिलेगा, वे जाम नहीं खोलेंगे। कई घंटे तक सड़क पर जाम लगा रहा, जिससे इलाके में लंबा जाम लग गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। जांच में जुटी पुलिस फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और कार चालक की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दी जा रही है।

### आयुष्मान अस्पताल में गलत ऑपरेशन पर हंगामा

**परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया, छात्र नेता ने कार्रवाई की मांग की**

मेरठ, मेडिकल थाना क्षेत्र स्थित गढ़ रोड पर बने आयुष्मान हॉस्पिटल में गलत ऑपरेशन के आरोप पर हंगामा हो गया। किठौर थाना क्षेत्र के हसनपुर निवासी युवक हिमांशु के परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार, हिमांशु का करीब 20 दिन पहले सड़क हादसे में घायल होने के बाद आयुष्मान हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। तीन दिन पूर्व चिकित्सक डॉ. अवि बंसल द्वारा उसके चेहरे का ऑपरेशन किया गया था। हिमांशु को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, लेकिन घर पहुंचने के कुछ ही समय बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई।

# 16 वर्ष बाद आईटीआई जहानाबाद प्रगति पथ पर हुआ अग्रसर

**किसान मजदूर युवा शक्ति संगठन के अथक प्रयास से कक्षाएं हुईं प्रारंभ**

अमन लेखनी समाचार/विनीत पाण्डेय




जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढवां लहुरी सराय के मध्य वर्ष 2009 में प्रस्तावित हुए आईटीआई विद्यालय में छात्र-छात्राओं का आवागमन प्रारंभ हुआ मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में जहानाबाद विधानसभा के तत्कालीन विधायक आदित्य पाण्डेय द्वारा इस आईटीआई का भूमि पूजन सर्वप्रथम किया गया था 3.50 करोड़ रुपए की लागत से भवन का निर्माण प्रारंभ हुआ परंतु ठेकेदारों के दाव पेंच के कारण कुछ समय उपरांत निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया वहीं किसान मजदूर युवा शक्ति संगठन के मुद्दा उठाने पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने पर पूर्व राज्य कारागार मंत्री जयकुमार सिंह जैकी ने पुनः वर्ष 2017 में 6.50 करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत कराते हुए शिलान्यासकर भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया हाल ही में दो वर्ष पूर्व वर्ष 2023 में भवन निर्माण पूर्ण होकर विभाग को सौंप दिया गया परंतु जहानाबाद आईटीआई के नाम से विख्यात विद्यालय पर कक्षाएं प्रारंभ नहीं हुई संगठन ने अपना प्रयास जारी रखा जिसके परिणाम स्वरूप संगठन को विजय हासिल हुई वर्तमान में आईटीआई जहानाबाद के मूल स्थान पर कक्षाएं प्रारंभ हुई वही विद्यालय परिसर पर छात्र-छात्राओं का आवागमन प्रारंभ हुआ

# धूमधाम से मनाया गया झंडा दिवस

**पुलिस कर्मियों को कर्तव्य निष्ठा के लिए मिली प्रेरणा**

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी/ फतेहपुर। पुलिस द्वारा पुलिस झंडा दिवस मनाया गया इस मौके पर सम्मानपूर्वक पुलिस ध्वजारोहण किया गया पुलिस अधिकारियों ने पुलिस ध्वज की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस के शौर्य कर्तव्य परायणता एवं उसकी सेवाओं को देखते हुए देश के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा सत्य और निष्ठा के प्रतीक लाल और नीले रंग का ध्वज पुलिस को प्रदान किया गया था मिली जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली में कल प्रातः 11 बजे पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। इस मौके पर ससम्मान पूर्वक पुलिस ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर मौजूद वरिष्ठ उप निरीक्षक वृंदावन राय ने पुलिस ध्वज की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस के शौर्य कर्तव्य परायणता एवं उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए भारत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 23 नवंबर 1952 को सत्य और निष्ठा के प्रतीक लाल और नीले रंग का ध्वज प्रदान किया था इसके उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 23 नवंबर को पुलिस झंडा दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर पुलिस कर्मचारियों ने कर्तव्य निष्ठा अनुशासन एवं जन सेवा के प्रति शपथ लिया। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर अरविंद सिंह, सब इंस्पेक्टर अजीत सिंह, सब इंस्पेक्टर ज्योति अहिरवार, सब इंस्पेक्टर अमरनाथ मौर्य, हेड कांस्टेबल अखिलेश्वर राय, युगल पंकज, एसके सरोज के अलावा आरक्षी अजय रघुवंशी, उमेश कुमार, हरेंद्र गुर्जर, आशीष कुमार पंकज, राम भवन, देवेंद्र कुमार महिला आरक्षी रीता पाल, शिल्पा यादव, रीति, मोहिनी, स्नेहा आदि लोग मौजूद रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खजुहा में स्वास्थ्य कैंप का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बिन्दकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के खजुहा कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खजुहा में रविवार को स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य कैंप का उद्देश्य रोगियों को स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा प्रदान करना था इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र ने मीडिया टीम से निर्मित द्विवेदी से बात करते हुए बताया कि कुछ लोग नौकरी पेशा वाले जिनके पास समय नहीं होता जिन्हे केवल सप्ताह के रविवार को ही छुट्टी मिलती है वह अब रविवार को आकार अपने माता पिता व परिजनों को दिखा सकते है मीडिया के



पहुंचने तक 13 मरीजों को देखा जा सका था और दो मरीजों की मलेरिया जांच हुई थी इस मौके स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डा जयचंद्र ने बताया की मरीजों के अच्छे से देखना हमारी मुख्य प्राथमिकता है इस मौक पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार फार्मासिस्ट प्रेमकुमार मौजूद रहे।

# किसान संघर्ष समिति ने दी चेतावनी

**बोले – मुआवजा न मिला तो डंपिंग ग्राउंड का काम रुकवाएंगे**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, प्रेस क्लब में किसान संघर्ष समिति ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान किसानों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर लगातार विश्वासघात करने का आरोप लगाया और अपनी समस्याएं मीडिया के सामने रखीं। समिति के अध्यक्ष वी.वी. सिंह ने कहा कि किसानों के साथ वादाखिलाफी की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि अस्तौली गांव में बन रहे डंपिंग ग्राउंड का काम 25 तारीख को होने वाले बड़े आंदोलन के बाद किसी भी कीमत पर आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्तौली गांव में डंपिंग ग्राउंड और उससे जुड़े मार्ग के लिए अधिग्रहित भूमि का बढ़ा हुआ प्रतिकार (मुआवजा) किसानों को नहीं मिल रहा है। 26 किसानों का प्रतिकार प्राधिकरण ने स्वीकृत किया था, जिनमें से 22 किसानों को भुगतान कर दिया गया है। लेकिन शेष 4 किसानों से रिश्वत मांगी जा रही है और उन्हें एक साल से पैसा नहीं दिया गया है।

इसके अलावा 70 अन्य किसान भी बढ़े हुए प्रतिकार का इंतजार कर रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि वे पिछले एक साल से प्राधिकरण के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन दिया जा रहा है, कोई कार्रवाई नहीं हो रही। किसानों का यह भी कहना है कि पिछले वर्ष कुछ किसानों को बढ़ा हुआ मुआवजा देने के लिए 10 करोड़ रुपए के चेक जारी किए गए थे, जबकि जिनकी जमीन डंपिंग ग्राउंड में गई है, उन्हें आज तक अतिरिक्त प्रतिकार नहीं मिला, जबकि उनका भुगतान बोर्ड बैठक में पास भी हो चुका है। किसानों का आरोप है कि भ्रष्टाचार के कारण भुगतान रोका गया है।

# बाइक व ऑटो में हुई टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार



बिन्दकी/ फतेहपुर। बाइक तथा सीएनजी ऑटो में भीषण टक्कर हो गई जिसके चलते सीएनजी ऑटो पलट गया जिसमें सवार एक व्यक्ति गंभीर घायलहो गया दुर्घटना के बाद हड़कम्प मचा रहा घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल फतेहपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मलवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंवरपुर गांव में बाइक तथा सीएनजी ऑटो में तेज टक्कर हो गई। दुर्घटना में ऑटो पलट गया। ऑटो पलटने से उसमें सवार सुनील कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी ग्राम हरदौली कोतवाली बिंदकी जनपद फतेहपुर घायलहो गया। दुर्घटना के बाद हड़कंप मचा रहा। मौके पर भारी भीड़ लग गई। घायल सुनील कुमार को एंबुलेंस 108 द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में रविवार की दोपहर करीब 12 भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल फतेहपुर रेफर कर दिया इस मामले में परिजनों ने बताया कि सुनील कुमार अपनी पत्नी तथा बच्चे के साथ सीएनजी ऑटो में बैठकर फतेहपुर शहर रिश्तेदारी में जा रहा था। तभी रास्ते में दुर्घटना हो गई।

# बागपत में वकीलों का प्रदर्शन

- साइबर ठगी के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, युवक ने की थी आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार




बागपत, साइबर ठगी से आहत होकर आत्महत्या करने वाले वंश पंवार के मामले में अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) सूरज कुमार राय से मुलाकात की। उन्होंने मामले के अन्य आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। यह घटना रेलवे हाल्ट पर हुई थी, जहां विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र पंवार निवासी ग्राम बली के बेटे वंश पंवार ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी थी। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी सद्दाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि, अधिवक्ताओं का कहना है कि अन्य आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इनमें पलवल जिले के साईका हातिम थाना क्षेत्र निवासी मुबारिक पुत्र सद्दीक, मेव व सामुन पुत्र असरा, और आसिफ पुत्र फरीद शामिल हैं। वंश के पिता नरेंद्र पंवार ने बताया कि वह कई बार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली में शिकायत पत्र दे चुके हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता है। एसपी कार्यालय पहुंचे अधिवक्ताओं ने एसपी सूरज कुमार राय से विवेचक और कोतवाली प्रभारी को अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के आदेश देने की मांग की। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष तोमर, महामंत्री अजित सिंह, कपिल कुमार डेढा, आजाद धामा, नरेंद्र पंवार बली और अजीत सिंह सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

**नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, 2 गिरफ्तार; 11 मोबाइल, 4 कंप्यूटर बरामद**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना फेज-1 पुलिस ने एनसीआर क्षेत्र में संचालित एक अंतरराज्यीय फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। पुलिस ने इंटेलिजेंस और सर्विलांस की मदद से सेक्टर-4 स्थित बिल्डिंग नंबर अ-88 के दूसरे तल पर छापा मारा। कमरे नंबर र-3 से अनुज कुमार (33 वर्ष, निवासी मेरठ) और रोमेश मलिक (24 वर्ष, निवासी शामली) को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि आरोपी लगभग 30 हजार का डेटा खरीदते थे। इसके बाद वे खुद को कर्मचारी बनकर बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने का झांसा देते थे। रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 950 रुपये और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, फाइल सबमिशन, प्रोफाइल फाइनलाइजेशन और एनओसी चार्ज जैसे विभिन्न शुल्कों के नाम पर 50 हजार रुपये तक की रकम वसूलते थे। विश्वास जीतने के लिए ये आरोपी कुछ लोगों को फर्जी जॉइनिंग/ऑफर लेटर भी दे देते थे। शिकायत होने पर कॉल को बंद कर देते थे या पीड़ित को ब्लॉक कर देते थे। कॉल सेंटर में केवल महिला कर्मचारियों को एक महीने के लिए रखा जाता था

और जानकारी लीक होने के डर से उन्हें तुरंत हटा दिया जाता था। छापेमारी में पुलिस ने 11 कीपैड मोबाइल, 1 स्मार्टफोन, 7 स्टांप मोहरें, 4 फर्जी जॉइनिंग लेटर, 4 कंप्यूटर मॉनिटर, सीपीयू, कीबोर्ड, माउस और 34 ऑफिस फोन के स्क्रीनशॉट बरामद किए हैं।

डीसीपी ने बताया कि आरोपी अनुज कुमार का आपराधिक इतिहास है और वह पिछले 8-10 वर्षों से इसी तरह की धोखाधड़ी में सक्रिय है। वर्ष 2017 में हैदराबाद के सीसीएस थाने में भी उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# सड़क हादसे में देवर-भाभी समेत 3 की मौत

**2 बच्चे घायल, ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा , ग्रेटर नोएडा में दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर स्थित कनारसी गांव के नजदीक करीब पांच दिन पहले तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से दो बाइक सवार रेडियोलॉजिस्ट समेत देवर-भाभी की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के परिजनों ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया। जुनैदपुर गांव निवासी सतेंद्र नागर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा गौरव नागर (23) नोएडा की एक कंपनी में रेडियोलॉजिस्ट था। बीते वह ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान कनारसी गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे गौरव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार होकर जा रहे दनकौर निवासी हीरालाल (26) और उसकी भाभी तुलसी (32) को भी उसी ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में दोनों की मौत हो गई, जबकि उनके बच्चे हिमांशी और देव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। परिजनों का आरोप है कि चालक की लापरवाही से तीन लोगों की जान चली गई। सतेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी चालक की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# ऑनलाइन जॉब ऑफर के नाम पर ठगी

**टेलीग्राम पर दिया था टास्क, 24 लाख रुपए हड़पे; पुलिस जांच में जुटी**

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, निवासी जतिन डैंग ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गए हैं। टेलीग्राम पर पार्ट-टाइम ऑनलाइन काम का लालच देकर उनसे 23 लाख 97 हजार 551 रुपए की ठगी की गई है। मामला साइबर सेल तक पहुंचा, जहां पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जतिन के अनुसार घटना 25 अक्टूबर से शुरू हुई। एक महिला ने टेलीग्राम पर उनसे संपर्क किया और छोटे-छोटे कार्य भेजे, जिन्हें पूरा करने पर उन्हें कुछ भुगतान भी मिला। इससे जतिन को भरोसा हो गया कि काम वास्तविक है। कुछ दिनों बाद दूसरी महिला ने उनसे संपर्क किया और अधिक कमाई वाले बड़े टास्क का प्रस्ताव दिया। उन्हें एक वेबसाइट लिंक भेजकर पहले छोटे निवेश करवाए गए, जिनकी राशि वापस भी मिली। वापस पैसा मिलने से जतिन का विश्वास और बढ़ गया। इसके बाद धोखेबाजों ने फीस, लेवल अपग्रेड और सिस्टम चार्ज जैसे कारण बताकर उनसे लगातार पैसे जमा करवाए। जतिन ने 10 हजार से लेकर 2 लाख रुपए तक के कई लेनदेन अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई आईडी पर किए। जब उन्होंने पैसे निकालने की कोशिश की तो उनसे कहा गया कि और राशि जमा कराने पर ही निकासी संभव है। कुछ दिनों बाद सभी टेलीग्राम ग्रुप, चैट और संपर्क नंबर बंद कर दिए गए। तभी जतिन को एहसास हुआ कि वे ठगी का शिकार हो गए हैं। कुल रुपए 23,97,551 में से केवल 55,714 रुपए ही वापस लौटाए गए हैं। जतिन ने चैट हिस्ट्री, बैंक ट्रांजैक्शन, स्क्रीनशॉट और अन्य सबूत साइबर सेल को सौंप दिए हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि धोखेबाज कई फर्जी खातों और डिजिटल वॉलेट का उपयोग कर रहे थे।

# दिनदहाड़े दबंगों ने की फायरिंग

- दशहत में ग्रामीण ; जमीन को लेकर दो पक्षों में चल रहा विवाद, पांच पर मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के सोरखा गांव में संपत्ति और लेनदेन के विवाद में भतीजों ने मिलकर ताऊ को पीटकर घायल कर दिया। आरोपियों ने दिनदहाड़े हथियार लहराते हुए हवाई फायरिंग की। घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृपाल यादव और सुरेंद्र यादव भाई हैं। कृपाल बड़े और सुरेंद्र छोटे हैं। दोनों भाईयों के बीच कई साल पहले संपत्ति का बंटवारा हो चुका है, लेकिन विवाद अभी भी बना हुआ है। दोनों पक्षों के बीच मुकदमेबाजी और रुपयों के लेनदेन का भी विवाद है। विकास यादव का कहना है कि दोपहर पिता कृपाल यादव बाइक लेकर कहीं जा रहे थे। घर से कुछ ही दूरी पर घात लगाए बैठे चाचा सुरेंद्र यादव और उनके पुत्र हर्ष, लविश, शिवांश ने हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीटकर उन्हें घायल कर दिया। वह किसी तरह बचकर घर पहुंचे। आरोप है कि हर्ष, लविश और शिवांस ने अवैध हथियार से फायरिंग और पथराव किया। पीड़ित पक्ष के लोगों ने मोबाइल से इसके वीडियो भी बना लिए। आरोपियों द्वारा दिनदहाड़े की फायरिंग से आसपास के लोग भयभीत हो गए। गनीमत रही कि गोली छतों पर खड़े किसी व्यक्ति को नहीं लगी। सूचना पर पुलिस पहुंची तो आरोप भाग गए। परिजन के



मुताबिक, कृपाल यादव का अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है। पीड़ित पक्ष की ओर से सुरेंद्र यादव, हर्ष यादव, लविश यादव, शिवांश और गीता यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# यातायात जागरूकता एवं हेलमेट वितरण कार्यक्रम रिजर्व पुलिस लाइन में किया गया

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।यातायात जागरूकता माह (नवंबर) के क्रम में यातायात पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ता /प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा शिव शंकर सिंह के संयुक्त प्रयास से परेड ग्राउंड, में यातायात जागरूकता कार्यक्रम किया गया एवं निःशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, नगर अध्यक्ष एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा आमजन को निःशुल्क हेलमेट वितरित कर उन्हें यातायात जागरूकता के प्रति संवेदनशील एवं प्रोत्साहित किया गया। उपस्थित जनों द्वारा यह संदेश दिया गया कि हेलमेट आपकी सुरक्षा है, आपकी जान बचाता है और आपकी सुरक्षित यात्रा आपके परिवार की खुशहाली से जुड़ी होती है, इसलिए सभी दोपहिया वाहन चालक हर बार हेलमेट का उपयोग अवश्य करें, चाहे दूरी कम ही क्यों न हो। इसी प्रकार चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग के लिए प्रेरित किया गया तथा यह बताया गया कि यातायात नियमों का पालन आपकी स्वयं की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, द्वारा विशेष अपील की गई कि आमजन दैनिक जीवन में यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करें, जिससे दुर्घटना के जोखिम को कम कर अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

# जिला प्रशासन की खामोशी बन रही गौवंशों की मौत का फरमान?

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। तहसील क्षेत्र के नगर, कस्बा व ग्रामीणक्षेत्रों में गौ संरक्षण के उद्देश्य से सरकार ने गौशालाओं का निर्माण कराकर व्यवस्थाएं दीं किंतु गौशालाओं में व्याप्त दुर्दशा की शिकार होती उनमें बंद गाएं और उनके वंशजों की स्थिति अत्यंत दयनीय नजर आ रही है।बताया जाता है कि प्रति जानवर पर खर्च होने वाली धनराशि का भुगतान सरकारी कोष से निरंतर किया जा रहा है, केयर टेकर की देख रख में भी व्यवस्थाएं ढाक के तीन पात नजर आ रहे औ वंशज असमय काल कवलित हो रहे है जोकि चिंतनीय है।विगत दिवस विकास खंड टोडरपुर के गांव पंचायत चठिया में गौशाला के नजदीक झाड़ियों में मृत गौवंशजों के7 शव मिलने से चठिया गांव वासियों में आक्रोश व्याप्त रहा। गौवंशों की ऐसी स्थिति शिरोमननगर, रेभा, सहरुआ, मंझिला, पारा आदि स्थानों पर गाएं दुर्दशा का शिकार हो रही है और जिम्मेदार महज मूकदर्शी बने हुए है। सूत्रों से ज्ञात हुआ है ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गौशालाओं में भूख और प्यास से मरने वाली गाएं और उनके गौवंशजों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए ताकि इनके मृत होने के कारणों की जानकारी हो सके। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा जिम्मेदारों की जांच पड़ताल करने पर भी जोर दिया जाए कि सरकार गौ संरक्षण के लिए जो इतना धन सर्फा कर रही है और उसके बाबजूद गौवंश मृत हो रहे है ?क्या मृतक गौवंशजों का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया है यदि किया गया है तो उसकी सार्वजनिक सूचना दी जाए और यदि नहीं हुए है तो यह लापरवाही पशुचिकित्सा अधूरी द्वारा क्यों की जा रही क्या जिलंकेबाला अधिकारियों के संगठन में नहीं है कि प्रत्येक गौशालाओं में कितने गौवंशज बंद है। और शासन द्वारा कितने गौवंशजों के रख रखाव के लिए धन भेजा जा रहा है। क्या जितने गौवंशजों के लिए खर्च भेजा जा रहा है क्या उस आंकलन सेबों गौशालाओं में गौवंश है ? यदि है तो वे स्वस्थ, हष्ट पुष्ट होने चाहिए कि नहीं ? सूत्र बताते है कि अधिकांश गौवंशज भूख के कारण मर रहे है। जिम्मेदारों द्वारा न ही जानवरों को समय से चारा व भूसा मिल पा रहा है और न जानवरों के लिए पीने के पानी की पर्याप्त आपूर्ति ही हो पा रही है, और गौवंश अधिकांश गड्ढे में भरे किन्दैले पानी को चाट चाट कर जिंदगी की एक एक सांस को जीवंत किए हुए नजर आ रही हैं। गौवंश भूख और प्यास से तड़प तड़प कर प्राण छोड़ रहे है और जिम्मेदार उन्हीं के कमीशन से अपना व अपने परिवार और बच्चों का भाविष्य संवारने में लगे है। शासन प्रशासन की मूकदर्शिता व कमीशन खोरी के फलित गौशालाओं की दुर्दशा दिन व दिन दयनीय होने की सूचनाएं निरंतर प्रकाश में आ रही हैं ।लेकिन ब्लॉक से लेकर जनपद स्तर तक किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगती। लेकिन हर महीने गौशालाओं के रखरखाव के लिए आने वाला पैसा ससमय से निकाल कर बंदरबांट की भेंट चढ़ने की चचाएँ आम हैं। किंतु गौवंशजों की स्थितियां जस की तस बनी हुई हैं। ग्राम पंचायत सहरुआ की गौशाला के बाहर पड़े मृत गाय के शरीर को कुत्ते और कौवे नोंच नोंच कर खाते देखे गए है। फिर भी जिम्मेदार ₹टुक टुक दी दम दम न कसी दम₹ की कहावत चरितार्थ करते देखे जा रहे है। पर्यावरण संरक्षण के जिम्मेदारों आमजनों की जिंदगी की चिंता नहीं नजर आ रही है, मृत गौवंशों के सड़े शरीर से छूटने वाली दुर्गंध से वातावरण प्रदूषित होने के साथ ही ग्रामीण जनों में बीमारियां फैलने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता।किंतु तहसील से लेकर जनपद स्तर ताकने अधिकारियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।वहीं यदि कोई किसान पराली जलता है तो पूरा पर्यावरण प्रभावित होता है और यदि एक मोहल्ले या आबादी में गौवंश सड़ रहा है तो क्या उससे पर्यावरण और जनहानि की संभावना से इनकार किया जा सकता है, जो एक बड़ा प्रश्न नजर नहीं आता किसी भी जिम्मेदार अधिकारी और स्वयं को जन हितैषी कहाने वाले नेताओं को ? शासन प्रशासन गांधी जी के तीन बंदर के मूर्तिवत नजर आ रहे है ?

# शादी का वादा कर शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में रेप का आरोपी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।फेसबुक पर बनी दोस्ती के बाद शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।रहीमाबाद थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी युवती ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि वर्ष 2022 में उसकी पहचान फेसबुक के माध्यम से ऋषि यादव, निवासी भुलभुला खेड़ा, थाना मलिहाबाद से हुई थी।ऑनलाइन बातचीत बढ़ने के बाद दोनों के बीच मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान हुआ और मुलाकातें शुरू हो गईं।

पीड़िता का आरोप है कि ऋषि यादव उसे अलग-अलग बहानों से लखनऊ बुलाता रहा।इस दौरान उसने युवती को शादी का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाए।जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी टालमटोल करने लगा और बाद में साफ मना कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रविवार को रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक की अगुवाई में कुंवर आसिफ अली डिग्री कॉलेज के पास से आरोपी ऋषि यादव को गिरफ्तार कर लिया।आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

## बिलग्राम में भीषण सड़क हादसा, दो बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।जिले के बिलग्राम थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।यह घटना तब हुई जब एक तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल ने सामने से आ रही एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।सुनारीपुरवा निवासी रजनीश कुमार (29) और उनके साथी मदनपाल (38) मोटरसाइकिल से बिलग्राम जा रहे थे। शाम करीब 4:30 बजे, ग्राम जरसेनामऊ के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने लापरवाही से चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी।इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें सीएचसी बिलग्राम ले जाया गया। गंभीर हालत के चलते दोनों को जिला अस्पताल हरदोई रेफर किया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक रजनीश के पिता राजबहादुर की तहरीर पर, बिलग्राम पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ब्राह्मण वरण,मंडप प्रवेश के साथ आज से शुरू होगी गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ



अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

भरूआ, सुमेरपुर। कस्बे की तपोभूमि में सोमवार से शुरू होने वाले दस दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आगाज प्रायश्चितकरण,पुण्या वाचन, ब्राह्मण वरण एवं मंडप प्रवेश के साथ होगा।तपोभूमि में होने वाली श्री गायत्री महायज्ञ की आज 68वीं वर्षगांठ की सभी तैयारियां पूर्ण हो गई है।यहां पर विशाल मेला भी लगा है।26 नवंबर से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा वर्ष 1957 में ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटीराम महाराज ने कस्बे के इस निर्जन भुतहा स्थान पर मां गायत्री की स्थापना कराकर विशाल श्री गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया था।तभी से यह निर्जन स्थान तपोभूमि में तब्दील हो गया था।अब यह पावन भूमि जन जन की आस्था का केंद्र है।सुबह शाम यहां पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। आचार्य माधवा नारायण शास्त्री एवं पंडित बलदेव प्रसाद शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ 24 नवंबर सोमवार से शुरू होकर चार दिसंबर को विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगी।इस अवसर पर 65 कर्मकांडी ब्राह्मण सवा लाख गायत्री महामंत्र का जाप करके देश में सुख समृद्धि, खुशहाली, शांति की कामना करते हुए पूणार्हुति देंगे।महायज्ञ में संतों को आगमन शुरू हो गया है

# गुलाबी गैंग का ग्यारहवाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न, डॉ. संदीप ने किए कम्बल वितरित

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। गुलाबी गैंग का ग्यारहवाँ स्थापना दिवस मंगलवार को बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अगुवाई गुलाबी गैंग कमांडर हाजरा रब ने की। इस अवसर पर संगठन की विभिन्न शाखाओं की सदस्याओं ने भारी संख्या में भाग लिया और महिला सशक्तिकरण की दिशा में अपने संकल्प को दोहराया।समारोह में प्रमुख रूप से मीना रायकवार, मीना मसीह, सैफी, भगवती कुशवाहा, मुन्नी भास्कर, ज्योति गोस्वामी, सपना गुप्ता, सुमन वर्मा, इंद्रा परिहार, सुधा गुप्ता, प्रेमलता वर्मा, जोया, भावना, रेखा यादव, सुशीला, लक्ष्मी सहित कई अन्य महिलाएँ उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी महिला सदस्यों को कंबल वितरित किए और संगठन के कार्यों की सराहना की।डॉ. संदीप सरावगी ने अपने संबोधन में कहा गुलाबी गैंग समाज में महिला शक्ति का एक सशक्त प्रतीक बन चुका है।यह संगठन वर्षों से अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाने, महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान दिलाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य कर रहा है।मैं सभी सदस्याओं को उनके संघर्ष, समर्पण और संगठनात्मक एकजुटता के लिए बधाई देता हूँ।समाज तभी प्रगतिशील बन सकता है जब उसकी महिलाएँ सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर हों। गुलाबी गैंग की कमांडर हाजरा रब ने कार्यक्रम में डॉ. संदीप सरावगी की भूरिझभूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा डॉ. संदीप हमेशा से समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर महिलाओं के हित में निरंतर प्रयास करते रहे हैं। उनकी संवेदनशीलता, मददगार स्वभाव और सामाजिक दायित्व निभाने की प्रतिबद्धता हमारे लिए प्रेरणा है।गुलाबी गैंग के हर कार्यक्रम में उनका सहयोग हमें नई ऊर्जा प्रदान करता है।कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। समारोह सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से मनोज रेजा, राजू सेन, राकेश अहिरवार, सुशांत गेड़ा, बसंत गुप्ता, सिद्धांत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# खेल प्रतियोगिता से प्रतिभाओ में आता है निखार :करुणेद्र व्यास



अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय(झांसी)- जेएमडी कोचिंग संस्थान के तत्वावधान में 23 नवंबर रविवार को नगर के खेर इंटर कॉलेज बालिका विभाग के खेल मैदान पर एक दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया।बच्चों में उत्साह और खेल के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए यह क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के युवा समाजसेवी पंडित करुणेद्र व्यास उर्फ तनु महाराज ने फीता काटकर क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी सौरभ सिंह ने बच्चों को खेल के प्रति जागरूक किया एवं अतिथि के रूप में राजा चौहान,भानुप्रताप सिंह एवं अभय प्रताप सिंह उपस्थित रहे।बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए शिक्षकों का भी मैच रखा गया अंत में कक्षा 12 की टीम ने मैच जीता। जिसमें अंपायर सौरभ वर्मा रहे अंत में सभी शिक्षकों एवं अतिथियों का आभार दीवान सर और सीताराम ने व्यक्त किया।

# सिग्नल वीक होने पर उतरे यात्री का पैर कटा, ट्रॉमा सेंटर रेफर

अमन लेखनी समाचार



घायल युवक को ले जाते कर्मी

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के साहिलामऊ गांव के पास रविवार दोपहर एक दर्दनाक रेल हादसे ने सभी को दहला दिया। जानकारी के अनुसार, उन्नाव जनपद के बांगरमऊ गंजमुरादाबाद निवासी हरिशंकर ट्रेन से हरदोई की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रेन के मलिहाबाद क्षेत्र से गुजरते समय सिग्नल वीक होने पर वह उतरने की कोशिश करने लगे। अचानक पैर फिसलने से उनका पैर ट्रेन की सीढ़ी में फंस गया, जिससे उनका पैर कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय रेलवे कर्मचारियों ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया। एंबुलेंस की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें ट्रॉमा सेंटर, लखनऊ रेफर कर दिया। डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार जारी है।

घटना की जानकारी मिलते ही मलिहाबाद पुलिस और रेलवे विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने दुर्घटना के कारणों और लापरवाही के पहलुओं की भी पड़ताल शुरू कर दी है।

# ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन की बैठक में गुरसरांय नगर कार्यकारिणी की हुई घोषणा

### संगठन के विस्तार एवं मजबूती पर दिया गया जोर

अमन लेखनी समाचार



गुरसरांय, झांसी। रविवार को नगर गुरसरांय के मुहल्ला धनाई में रतन हाउस में कुलदीप यादव के आवास पर ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन की बैठक का आयोजन संगठन के वरिष्ठ पत्रकार राजुकमार मिश्रा की अध्यक्षता एवं संगठन के संरक्षक रामकुमार सिंह,प्रदीप शर्मा,कमलाकांत शर्मा, कल्लू वर्मा,पिंटू मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए गुरसरांय नगर की कार्यकारिणी की घोषणा की गई।सर्वप्रथम उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए एवं संगठन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।तत्पश्चात सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।इसके बाद संगठन का विस्तार करते हुए तहसील अध्यक्ष प्रदीप शर्मा द्वारा गुरसरांय नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें सर्वसम्मति से रोहित साहू नगर उपाध्यक्ष,रतनदीप यादव को मंत्री,धर्मेंद्र सोनी उर्फ बल्ले संगठन मंत्री,अक्षय प्रताप सिंह को मीडिया प्रभारी,रविंद्र रायकवार महामंत्री, प्रवीण सोनी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।सभी पत्रकारों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती एवं पत्रकारों के हितों पर चर्चा की गई।इस अवसर पर तहसील व ब्लॉक से आए पत्रकारों ने संगठन की एकता और सशक्त भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का सफल एवं कुशल संचालन सार्थक नायक ने किया अंत में आए हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त कुलदीप यादव ने किया।अंत में कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिलेश तिवारी,फूल सिंह परिहार,कौशल किशोर,सोमकांत मिश्रा,शौकीन खान,धर्मेन्द्र सिंह, हरिश्चंद्र नायक आयुष त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के साथी मौजूद रहे।बैठक के अंत में सभी पत्रकारों ने संगठन के प्रति निष्ठा,पारदर्शिता और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए संकल्प लिया तथा नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं।

## अवैध तमंचे के साथ एक युवक गिरफ्तार, पचदेवरा पुलिस को मिली सफलता

अमन लेखनी समाचार

हरदोई में अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पचदेवरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।पुलिस ने सहुआपुर निवासी आर्यन शर्मा उर्फ आरेंद्र कुमार पुत्र सुआलाल को गिरफ्तार किया है।गश्त के दौरान पुलिस टीम ने युवक को संदेह के आधार पर रोका और उसकी तलाशी ली, जिसके दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा बरामद हुआ।पचदेवरा पुलिस ने आरोपी आर्यन शर्मा के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत आयुध अधिनियम ( के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

## हरेहटा गांव की महिला ने प्रधानाध्यापक के खिलाफ थाने में तहरीर दी

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर। थाना क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा हरेहटा गांव निवासी महिला ने प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा पुत्री के साथ बेरहमी से मारपीट करहाथ तोड़ देने की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही किए जाने की मांग थाना पुलिस से की है।क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा हरेहटा गांव निवासी महिला कुसुम पत्नी सुरेश ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में मेरी पुत्री खुशी पढ़ती है।प्रधानाध्यापक कुलदीप यादव ने खुशी को इतना मारा कि उसके हाथ में फैक्चर हो गया है।जब पुत्री घर आई तो उसने बताया जब मैं विद्यालय गई तथा अध्यापक से शिकायत की तो उसने डांट कर भगा दिया। तब मैने पुत्री का इलाज कराया पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देकर अध्यापक के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## हरदोई के डीएम अनुनय झा और एसपी अशोक मीणा ने सीएम योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार

हरदोई के जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की।दोनों अधिकारियों ने जिले की वर्तमान स्थिति, विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की प्रगति के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तार से जानकारी दी और उन्हें अवगत कराया।इस दौरान,जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जिले में बेहतर और प्रभावी कार्य जारी रखने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई जिले में अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और उन्हें प्रोत्साहित किया।

## पिता के साथ ज्वैलरी खरीदने आई महिला के साथ हुई टप्पेबाजी

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। नगर में अपने पिता के साथ ज्वैलरी खरीदने आई महिला का बैग टप्पेबाजों ने दुकान से पार कर दिया। कोतवाली पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गई है।क्षेत्र के ग्राम छिरका निवासी ज्योति पुत्री लल्लू शनिवार को ज्वेलरी खरीदने अपने पिता के साथ नगर के एक ज्वेलरी की दुकान पर आई थी जैसे ही वह ज्वेलरी की दुकान पर पहुंचे तभी एक टप्पे बाज ने मौका लगाकर उनका रूपयों से भरा बैग पार कर दिया।ज्योति ने बताया कि उसके बैग में 50000 से अधिक रुपया था। इसकी जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच ज्वेलरी की दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# नरकीय जीवन जीने को मजबूर हरदोई के वाशिंदे: पिहानी मार्ग पर नाले की 5 साल से नहीं हुई सफाई

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।पिहानी मार्ग पर ग्राम सभा अनंग बेहटा मजरा पंडित पुरवा के पास बने एक बड़े नाले की लगभग पाँच वर्षों से सफाई न होने के कारण स्थानीय लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।नाले का बदबूदार गंदा पानी अब संक्रामक रोग फैलने का बड़ा कारण बन रहा है।सड़क पर गंदा पानी भरा रहने से राहगीरों, महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके चलते बाइक सवार दुर्घटना का शिकार भी हो रहे हैं। स्थानीय निवासी सुनील गुप्ता ने समस्या के निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 पर शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन अभी तक नाले की सफाई नहीं की गई है।बीते शनिवार को, अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अधिवक्ता शिव सेवक गुप्त ने मौके पर पहुंचकर लोगों से बातचीत की।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो जन आंदोलन चलाया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## डी एम अनुनय झा ने सण्डीला के भगवान बुद्ध इंटर कॉलेज बूथ का निरीक्षण किया

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने विधानसभा 161 सण्डीला के मतदेय स्थल भगवान बुद्ध इण्टर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने मतदेय संख्या 135 से 139 पर चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रकफ) से संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित मतदाताओं से अपील की कि वे अपने सभी लंबित फॉर्मों को बिना किसी देरी के भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा करें, ताकि पुनरीक्षण प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके।इस निरीक्षण के समय नगर के समस्त बीएलओ, सुपरवाइजर, सभासद, नगर पालिका सण्डीला के ईओ, एईआरओ सण्डीला, और उपजिलाधिकारी/जॉइंट मजिस्ट्रेट सण्डीला सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित कर्मियों को एसआईआर कार्य में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए।

## ससुराल में तमंचे के बल पर विदाई करने वाला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां, हरदोई। ससुराल में साथियों के साथ जाकर अपनी पत्नी और सास के साथ मारपीट करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। ग्राम लक्ष्मण पुरवा मजरा बाबटमऊ निवासी राजबहादुर पुत्र रामरतन ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि 21 माह पूर्व अपनी पुत्री कोमल की शादी रावेन्द्र निवासी बखरिया के साथ की थी। जिसका एक 8 माह का लड़का भी है।मारपीट करने के कारण डेढ़ माह पहले अपनी पुत्री को पुलिस की मौजूदगी में अपने घर ले आया था। 21 नवंबर को 1:30 बजे मेरा दामाद उसका भाई अरुण दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ में चौपाइयां गाड़ी से घर पर आए और घर में घुसकर मुझे ,पुत्री कोमल व पत्नी को मारा पीटा जान माल की धमकी दी

# फोटो वायरल करने की धमकी से आहत किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज करने के लिए मृतक का पिता कोतवाली के काट रहा चक्कर

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर,हरदोई।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती ने अपने घर के अंदर बीके 14 नवंबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी मृतक के पिता ने अरवल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से प्रेम प्रसंग के चलते युवती की फोटो वायरल करने की धमकी से आहत होने के डर से फांसी लगा लेने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं है।हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि 14 नवंबर को उसकी पुत्री को अरवल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था उसने उसकी पुत्री को फोन करके मिलने को बुलाया जब आने से युवती ने मना कर दिया तो उसकी फोटो वायरल करने की युवक ने धमकी दी जिसके चलते उसकी पुत्री ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वहीं पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के पिता ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कोतवाली में तहरीर दी लेकिन पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है वही ड्यूटी का पिता युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कोतवाली के चक्कर काट रहा है।


**अमन लेखनी**

**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

# बदल रहा मौसम का मिजाज
# बढ़ती गर्मी-घटती सर्दी






हालांकि इस वर्ष आने वाले दिनों के लिए कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना बताई जा रही है। लेकिन जिस तरह से मौसम का मिजाज वैश्विक स्तर पर बदल रहा है, उससे आगामी वर्षों में सर्दी की अवधि और उसकी तीव्रता घटती जाएगी। इसके उलट वर्ष कम होगी और गर्मी की तपिश बढ़ती जाएगी। इसके कई दुष्प्रभाव देखने को मिलेंगे। ऐसे में प्रभावी नीति बनाने के साथ सामूहिक प्रयास भी करने होंगे।

कवर स्टोरी
संजय श्रीवास्तव

सर्दी धीरे-धीरे बढ़ रही है। मौसम विभाग की ताजा भविष्यवाणी के अनुसार आने वाले दिनों में उत्तरी भारत में प्रबल शीत लहर की आशंका है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस साल जबरदस्त ठंड पड़ेगी। वजह होगी पर्याप्त वर्षा और अलनीनो प्रभाव। मगर क्या इस दौरान हम कड़कड़ाती सर्दियों वाले दिनों के लंबे दौर भी देखेंगे? यह भी आशंका है कि ठेठ ठिठुरन वाले दिन कुछ कम ही रहेंगे। सर्द रातों और ठंडी हवाओं का कम होना, केवल मौसम का प्रश्न नहीं बल्कि जीवन के संतुलन से भी जुड़ा है। यदि सरकारों ने वैज्ञानिक नीतियों को जनजीवन से जोड़ने की गति नहीं बढ़ाई और आम लोगों ने जरूरी सहभागिता नहीं की तो आने वाले वर्ष 2100 तक भारतीय उपमहाद्वीप का मौसम ऐसा होगा, जहां 'गर्मी ही सामान्य' और 'सर्दी एक दुर्लभ अनुभव' रह जाएगी।

### आने वाले वर्षों में घटेगी सर्दी

संयुक्त राष्ट्र संघ एन्वॉयर्नमेंटल पैनल ऑफ क्लाइमेट की रिपोर्ट बताती है कि 1980 से 2020 के बीच यानी चालीस सालों में बेहद ठंडी रातों और अत्यंत सर्द दिनों की संख्या में चार गुना की कमी आई है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते जमीनी सतह का तापमान बढ़ने से बाकी दिनों में भी ठंड सामान्य ही रह रही है। ऐसे में घने कोहरे वाले दिन भी साल दर साल घट रहे हैं। यदि मौजूदा रुझान जारी रहा तो साल 2050 तक भारत में भीषण सर्दी वाले दिनों में 60 से 70 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट आने और गर्मी वाले दिनों में तीन गुना बढ़ोत्तरी की आशंका है।

### ठंड की अवधि होती जाएगी कम

नेचर पत्रिका के अध्ययन के अनुसार 2080 से 2100 के बीच गर्म दिनों और रातों की घटनाएं सात गुना तक बढ़ेंगी। इस कारण 'कड़ाके की ठंड के दिन' लगभग विलुप्त हो सकते हैं। फिलहाल यह तय है कि अब सर्दियां 'पिछली शताब्दियों जैसी लंबी और स्थायी' नहीं होंगी। ठंड की अवधि कुछ कम और तीव्रता अस्थाई रहेगी। अल्पकालिक मौसमी उतार-चढ़ाव बने रहने के साथ सर्दी में भी कभी-कभी बारिश, गर्मी और पश्चिमी विक्षोभ के जैसे मौसम के अतिरेकी तेवर देखने को मिलेंगे। पांच-सात दशकों के बाद सर्दी का लगभग लोप हो जाना भविष्य के लिए कितना विनाशकारी होगा, इसका अंदाजा भी भयावह है।

### बदल रहा है मौसम का चक्र

इस बात के संकेत अब स्पष्ट होने लगे हैं कि हिमालय से लेकर दक्षिण तक मौसम का पारंपरिक चक्र तेजी से बदल रहा है। भारत 'गर्मी प्रधान देश' बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है।

उत्तराखंड में कई जगहों पर बीते एक-दो दशकों के बीच तापमान में सामान्यतः तीन डिग्री तक की बढ़त देखी गई है। कमोबेश यही हाल हिमाचल और कश्मीर का भी है। वैज्ञानिकों के अनुसार भारत में न्यूनतम तापमान प्रति दशक औसतन 0.2 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ता जा रहा है। इसका मतलब है कि ठंडी हवाएं चलने की अवधि सिमटती जा रही है, जबकि गर्म रातें अब लंबी चलती हैं। इसका नतीजा यह है कि मिट्टी में नमी दिन-प्रतिदिन घट रही है। पेड़ कटने से हवा की नमी भी कम हो रही है। उधर जलस्रोत सूख रहे हैं, तो नदियों और पहाड़ी जलस्रोतों का पुनर्भरण कम हो रहा है और इसके चलते वर्षा चक्र अस्थिर हो गया है।



### फसलों पर दिख रहा असर

हिमालयी और पर्वतीय राज्यों में इसका असर अब साफ दिख रहा है। सेब, केसर और बागवानी की अन्य फसलें जो ठंडी रात-दिन के अंतर पर निर्भर हैं, उनका उत्पादन गिरने लगा है। सेब के फूल बिन मौसम खिल जा रहे हैं, तो उनके पकने और रसीले होने के लिए जो कड़क सर्दी चाहिए, वह उनको लगातार कुछ दिनों तक नहीं मिल रही, सो गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ रहा है। किसान अब कम ऊंचाई पर 'ऊष्णकटिबंधीय फसलें', बाजरा और मक्का उगाने को मजबूर हैं, जिससे पहाड़ी कृषि की पारंपरिक पहचान मिटती जा रही है। फूलों और औषधीय पौधों की जैवविविधता भी खतरे में है, उनकी रासायनिक गुणवत्ता, औषधीय प्रभावशीलता भी कम हो रही है, क्योंकि तापमान बढ़ने से परागण और फूलने का समय असंतुलित हो गया है, उनके रासायनिक संघटक बदल जा रहे हैं।

### स्वास्थ्य-पर्यावरण पर पड़ेगा असर

पर्यावरणविद और मौसम विज्ञानी दोनों इस बात पर सहमत हैं कि बदलते मौसम की वजह से नमी विहीन सूखी गर्म हवाओं की अवधि 2050 तक दोगुनी हो सकती है। यह बदलाव खेती किसानी से लेकर जीवन के लिए आवश्यक जैविक सूक्ष्मजीवों के पनपने में असंतुलन तो पैदा करेगा ही, साथ ही कीट-रोगों के फैलाव जैसी समस्याएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार 2030 तक भारत में गर्मी से उपजी बीमारियों से मरने वालों की संख्या तीन गुना बढ़ सकती है। डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियां नए क्षेत्रों में भी पैर पसारेंगी। विशेष रूप से वृद्धजन, बच्चे और मजदूरी करने वाले सबसे अधिक जोखिम में हैं। जाहिर है इस प्रक्रिया से जनधन दोनों को बहुत नुकसान होगा। जंगलों में आग को भी इससे हवा मिलेगी। इस तरह सर्द रातों का घट जाना सिर्फ मौसम परिवर्तन नहीं बल्कि पारिस्थितिक संतुलन के अस्थिर होने का संकेत है।

### होगा भारी आर्थिक नुकसान

भीषण सर्दी वाले दिनों के दौर कम होने से पैदा जलवायु असंतुलन का सीधा नुकसान अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य तंत्र पर पड़ेगा। बताते हैं, वैश्विक तापमान में चार डिग्री सेल्सियस का इजाफा, अर्थव्यवस्था को 40 फीसदी कमजोर कर देगा। अनुमान है कि जलवायु आपदाओं के कारण देश को हर साल सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 2 फीसदी तक घट सकता है। अगर दुनिया वैश्विक तापमान में होती वृद्धि को दो डिग्री सेल्सियस पर सीमित रखने में सफल भी हो जाती है, तो इसकी वजह से प्रति व्यक्ति औसत जीडीपी में 16 फीसदी की गिरावट आ सकती है।

### बढ़ेंगी प्राकृतिक आपदाएं

घटती सर्दी, बढ़ती गर्मी के कारण श्रम उत्पादकता में कमी, जीडीपी को कम करेगी। फ्लैश फ्लड, बादल फटने एवं बाढ़ तथा भू-स्खलन की घटनाओं की संख्या और भयावहता दोनों बढ़ेंगी तो अवसंरचना को नुकसान होगा। इसका परोक्ष प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। *



### बनना होगा एन्वॉयर्नमेंटल कॉन्शस

एन्वॉयर्नमेंटल मैनेजमेंट की ताजा रिपोर्टों ने भारत की जलवायु को लेकर जो गंभीर चेतावनी दी है, उसके प्रति सरकार और जनमानस में कितनी चिंता है, इसके प्रति उनका सरोकार कैसा है यह तो निकट भविष्य में पता चलेगा। लेकिन अब समय आ गया है कि सरकारों को इसके लिए बहुस्तरीय तैयारी करनी होगी। शहरों में 'ग्रीन बेल्ट' और कूलिंग-कॉरिडोर नीति को अनिवार्यतः लागू करना होगा। पर्वतीय राज्यों में जलवायु अनुकूल कृषि, जल संरक्षण, ग्लेशियर तथा निगरानी प्रणालियां बढ़ानी होंगी। शहरी इलाकों में हरित आवरण, वर्षा जल संचयन और ऊर्जा दक्ष भवनों को बढ़ावा देना होगा। जलवायु परिवर्तनों को सह सकने वाली फसलों के अनुसंधान को बढ़ावा मिलना चाहिए। जंगलों की कटाई पर रोक लगे। पर्यावरणीय चेतना को प्राथमिकता दिए बिना इस आसन्न संकट से बचाव कठिन है।

हम जैसा भोजन करते हैं, उससे हमारे स्वास्थ्य पर ही नहीं पर्यावरण पर भी असर होता है। कई स्टडीज में साबित हुआ है कि प्लांट बेस्ड डाइट हैबिट, हमारी हेल्थ और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में बहुत मददगार साबित हो सकता है। इस बारे में जानिए।

# प्लांट बेस्ड डाइट हैबिट
# स्वस्थ जीवन-सुरक्षित पर्यावरण

जीवनशैली
मोनिका सिन्हा



आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में जहां जंक फूड, नॉनवेज फूड्स और अत्यधिक प्रिजर्व्ड फूड्स हमारी थाली का हिस्सा बन चुकी हैं, वहीं वैज्ञानिक शोध बार-बार यह सिद्ध कर रहे हैं कि प्लांट आधारित भोजन यानी पौधों से उत्पन्न होने वाली डाइट, हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह न केवल शरीर को पोषण देता है बल्कि गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, मधुमेह और हृदय रोगों का जोखिम भी काफी हद तक कम करता है।

**स्टडीज में हुआ खुलासा:** जुलाई 2024 में वी. वियालोन और उनके सह-लेखकों द्वारा प्रकाशित एक वैज्ञानिक रिपोर्ट में यह बताया गया कि जिन लोगों की जीवनशैली में धूम्रपान, अत्यधिक शराब सेवन, असंतुलित खान-पान और अनियमित नींद जैसी आदतें शामिल नहीं थीं, उनमें टाइप 2 डायबिटीज, कैंसर और हृदय संबंधी रोगों का खतरा बहुत कम पाया गया। यह अध्ययन 'स्वस्थ जीवनशैली सूचकांक' पर आधारित था और इसका उद्देश्य यह समझना था कि व्यक्ति की आदतें उसके दीर्घकालिक स्वास्थ्य पर कितना प्रभाव डालती हैं।

**कई बीमारियों से बचाए:** प्लांट बेस्ड डाइट के फायदों को जानने की दिशा में किए गए डॉ. डी सुब्रमणियन के एक रिसर्च पेपर में यह बताया गया कि पौधों पर आधारित आहार लेने वाले लोगों में कैंसर और हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा बहुत कम होता है। इस अध्ययन में डेनमार्क, दक्षिण कोरिया, स्पेन और ब्रिटेन सहित कई देशों के लगभग चार लाख लोगों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, दालों और मेवों पर आधारित भोजन लेते हैं, उनमें 'मल्टीमॉर्बिडिटी' अर्थात एक साथ दो या अधिक दीर्घकालिक बीमारियों का खतरा, काफी घट जाता है। शोध में यह भी पाया गया कि प्लांट आधारित आहार इंसुलिन प्रतिरोध को कम करता है, जिससे शरीर में ग्लूकोज का स्तर नियंत्रित रहता है और मेटाबॉलिक बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है।



**कई पोषक तत्वों से होता है भरपूर:** पौधों पर आधारित आहार उच्च फाइबर, विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो शरीर को बीमारियों से लड़ने की शक्ति देता है और कोशिकाओं को क्षति से बचाता है। अध्ययन से यह भी सिद्ध हुआ कि जो लोग नियमित रूप से फल, सब्जियां और अनाज का सेवन करते हैं, उनमें बीपी, कोलेस्ट्रॉल, स्ट्रोक, हृदयाघात और टाइप 2 डायबिटीज जैसी बीमारियों का खतरा बहुत कम होता है।

**होता है ईकोफ्रेंडली:** प्लांट आधारित भोजन का एक और बड़ा लाभ यह है कि यह पर्यावरण की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी है। मीट, मछली और अंडे जैसे पशु आधारित भोजन की तुलना में पौधों पर आधारित भोजन से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन बहुत कम होता है। इसका सीधा संबंध जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संतुलन से है। हालांकि वैज्ञानिक दृष्टि से मेडिटेरेनियन आहार को दुनिया के कई देशों में स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है, परंतु उसमें मछली और चिकन का उपयोग होता है। इसके विपरीत वीगन आहार में किसी भी पशु उत्पाद यहां तक कि दूध का भी उपयोग नहीं किया जाता। इस दृष्टि से प्लांट आधारित या वीगन आहार स्वास्थ्य के साथ-साथ नैतिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी अधिक उपयुक्त माना जाता है।

**करना चाहिए प्रोत्साहित:** अगर हम भारत की बात करें तो यहां लगभग 35 प्रतिशत लोग शाकाहारी हैं। वे अनाज, दालें, फल और सब्जियों को अपने भोजन में नियमित रूप से शामिल करते हैं। इनमें से कुछ लोग दूध और दुग्ध उत्पाद भी लेते हैं, जबकि लगभग 10 प्रतिशत लोग पूरी तरह वीगन डाइट लेते हैं। हालांकि चिंता की बात यह है कि भारत की शहरी आबादी का लगभग 16 प्रतिशत हिस्सा मधुमेह से पीड़ित है और ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्री डायबिटीज के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। धूम्रपान, तंबाकू सेवन, अस्वस्थ खान-पान और शारीरिक निष्क्रियता इस समस्या को और गंभीर बना रही हैं। अब समय आ गया है कि हमारे नीति निर्माता, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और आम नागरिक प्लांट आधारित आहार के महत्व को समझें। विद्यालयों, कार्यस्थलों और अस्पतालों में प्लांट आधारित भोजन को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। लोगों को यह बताया जाना आवश्यक है कि मांस और तले हुए भोजन की जगह ताजे फल, सब्जिया, दालें और साबुत अनाज को अपनी थाली में शामिल करना फायदेमंद है। वर्तमान समय में जब जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में प्लांट आधारित भोजन केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की आवश्यकता है। यह न केवल रोगों से बचाव करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और नैतिक जीवनशैली की दिशा में भी एक सशक्त कदम है। अब समय है कि हम अपने भोजन के प्रति सचेत हों। प्लांट आधारित भोजन को अपनाकर हम न केवल अपना स्वास्थ्य सुधार सकते हैं, बल्कि धरती को भी अधिक सुरक्षित और संतुलित बना सकते हैं। *

नवगीत
डॉ.माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'

## बेवा जैसी रातें

दिन पाए हैं ऊसर जैसा
बेवा जैसी रातें
काट रहे हैं हर लम्हे को
बेमन से अकुलाते।

जहर उगलते रहे हमेशा
समझे जिनको चंदन
व्यर्थ गई पूजा-उपासना
व्यर्थ गया हर वंदन
सारा जीवन होम कर दिया
फिर भी नहीं अघाते।

रोज हवाएं लाया करतीं
हैं खबरें भड़कीली
छाया है आतंक दिलों में
सबके पास है तीली
ताने मारा करती हैं अब
ऋतुएं आते-जाते।

मुंह में राम बगल में छुरी
लेकर सब चलते हैं
मान चुके हैं जिनको अपना
उनको भी खलते हैं
पीछे लोग किया करते हैं
किसिम-किसिम की बातें।

लघुकथाएं

## कंपोस्ट

समाज सेवा के क्षेत्र में बृजेश जी के योगदान से प्रभावित वह उनसे मिलने उनके घर पहुंचा। लेकिन वहां पहुंचकर उसे बृजेश जी के व्यवहार और जीवनशैली में अलग ही रंग नजर आया।



दो सौ पांच .. दो सौ छह.. और यह दो सौ सात पता तो यही है, लेकिन यह मकान तो नहीं लग रहा।' मकान खोजते हुए मैं सोच रहा था। तभी नेमप्लेट पर नजर पड़ी- ब्रजेश आहूजा 'हम्म यही है।'

दरअसल, आठ-नौ वर्ष बाद मैं इस इलाके में आया था। इस बीच ये साधारण-सा घर न केवल सिंड्रेला की तरह कीमती लिबास पहन चुका था, बल्कि साथ वाले दो सौ आठ नंबर को डकार कर खासा मुटिया भी गया था। मकान की चार दीवारी के अंदर से झांकते अशोक के छोटे-छोटे पेड़ मानो, मुझे पहचानने की कोशिश कर रहे थे।

'जब मैं पिछली बार आया था तब तुम नहीं थे।' मैंने भी जतला दिया और घर के दरवाजे पर लगी घंटी बजा दी। ब्रजेश जी वर्षों से समाज-सेवा के लिए समर्पित हैं। गरीबों, बेसहारों और वंचितों के लिए तीन तो एनजीओ चलाते हैं, और इनके अतिरिक्त भी कई संस्थाओं के परामर्श-मंडल में शामिल हैं। आए दिन इस पुण्य कर्म हेतु पुरुस्कृत और सम्मानित भी होते रहते हैं। आज भी मैं अपनी संस्था द्वारा दिए जा रहे सम्मान का निमंत्रण लेकर ही उनके घर पर आया था।

गेट खुलने में ज्यादा देर नहीं लगी। खोलने वाला अशोक के पेड़ों से पुराना था, सो उसने आदर से अंदर आने के लिए कहा। अंदर घुसते ही मकान के वैभव से थोड़ी चमत्कृत-सी आंखें इधर-उधर टोहने लगीं तो बृजेश जी अपने बगीचे के एक कोने में खड़े नजर आए। शाम के छह बज रहे थे। एयर कंडीशनर की ठंडी हवा खाने के अरमान को जब्त करते हुए मैंने बृजेश जी का अभिवादन किया और अपने चेहरे पर उभर आया पसीना पोंछते हुए यह बोल ही दिया, 'बृजेश जी! इतनी गर्मी में घर से बाहर यहां?'

'अरे! आओ-आओ मित्र! हम तो सेवक ठहरे। हमारे लिए क्या गर्मी वर्मी, वैसे कंपोस्ट बना रहे हैं। सरकार तो अब जागी है, हम तो कब से पर्यावरण के लिए प्रयासरत हैं।' उन्होंने सगर्व कहते हुए अपने सामने खोदे गए लगभग तीन फीट गहरे और ढाई फीट चौड़े एक गड्ढे की ओर संकेत किया। तभी घर के अंदर से उनका बावर्ची एक थाली में सब्जियों और फलों के ढेर सारे छिलके लाया और उस गड्ढे में डाल कर चला गया। तब तक माली बगीची से बटोरी सूखी पत्तियां ले आया था। उसने वो पत्तियां उस गड्ढे में डालीं और फिर बृजेश जी के इशारे पर उस पर मिट्टी की एक मोटी परत लगा दी।

'ये जैविक कचरा भी न, बड़े काम का होता है। ये जो लहलहाती बगिया देख रहे हो न, ये इसी से बनी कंपोस्ट का कमाल हैं।' बृजेश जी मुझे बताने लगे। तभी, उनके सेकरेट्री ने एनजीओ के किसी विदेशी दानकर्ता के कॉल पर होने की सूचना देते हुए फोन उनके हाथों में पकड़ा दिया। वो फोन पर बात करते हुए 'हे..हे..' करते हंस रहे थे और मेरी नजर बगिया से हटकर अब उनकी आलीशान कोठी पर टिक गई थी। *

- शोभना श्याम


एआई इमेज

## सच्चाई

देखो नीलिमा, मुझे गांव जाना ही पड़ेगा। पिताजी इस दुनिया में नहीं रहे। उनके अंतिम संस्कार में तो नहीं जा पाया था लेकिन अब तेरहवीं में तो कम से कम जाना ही पड़ेगा। अरे भई, दुनिया को दिखाने के लिए जाना ही पड़ेगा। वरना लोग मुझे क्या कहेंगे? तुम बेबी के बर्थ-डे पार्टी को अच्छी तरह अरेंज कर लेना।'

तभी आठ वर्षीया बेबी वहां दौड़ती हुई आई और पापा से लिपटते हुए बोली, 'पापा आप कहां जा रहे हैं, मेरी बर्थ-डे पार्टी में आप नहीं रहेंगे क्या?'

यह सुनकर नीलिमा ने क्रोध भरे स्वर में कहा, 'तुम्हारे पापा अपने पिताजी की मरनी में जा रहे हैं। इन्हें तो हमारी कोई फिक्र ही नहीं है। अरे ऐसे व्यक्ति के मरने-जीने से हमें कोई मतलब नहीं रखना चाहिए। तुम्हारे पिताजी ने अपनी पूरी जमीन-जायदाद तुम्हारे छोटे भाई के नाम कर दी। तुम्हें क्या मिला? फिर भी तुम पिता की तेरहवीं में जाने के लिए परेशान हुए जा रहे हो।' अपने दादाजी के लिए मम्मी के मुंह से कटु वचन सुनकर बेबी को अच्छा नहीं लगा। वह रोते हुए अपनी मम्मी से बोली, 'दादाजी कितने अच्छे थे। एक बार यहां आए थे तो मुझे और चीकू भैया को कितना प्यार करते थे। हमें अच्छी-अच्छी कहानियां सुनाया करते थे। मैं भी पापा के साथ गांव जाऊंगी।'

नीलिमा ने गुस्से में कहा, 'बेबी तुम कहीं नहीं जाओगी। तुम्हारा बर्थ-डे है न। गांव में तुम्हारे पापा, चाचा सब देख लेंगे।'

'मम्मी, आप इसलिए नाराज हो न दादाजी से कि उन्होंने पापा को जमीन नहीं दिया। चाचू को सब दे दिया। पर दादाजी क्या करते। आप लोग तो दादाजी को यहां बुलाते भी नहीं थे, न ही गांव उनसे मिलने जाते थे। चाचू तो दादाजी को हॉस्पिटल ले जाते थे, उनकी अच्छी तरह देखभाल करते थे।'

कुछ ठहरकर बेबी ने बड़ी मासूमियत से पूछा, 'मम्मी, क्या पापा के मरने पर चीकू भैया भी नहीं आएंगे।' यह सुनकर बेबी के मम्मी-पापा अवाक रह गए। *

-डॉ. शैल चंद्रा

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## प्रकृति से आबद्ध काव्याभिव्यक्तियां

वर्तमान हिंदी काव्य परिदृश्य में ज्ञानेंद्रपति, वरिष्ठतम पीढ़ी के प्रतिष्ठित कवियों में शामिल हैं। वह जीवन-संवेदना की जिस भावभूमि पर उतरकर कविता रचते हैं, उनकी अभिव्यक्ति दार्शनिक आख्यान बन जाती है। इस बात को प्रमाणित करती हैं, हाल में छप कर आए उनके नवीनतम कविता संग्रह 'प्रकृति और कृति' की कविताएं। यहां उनकी कविताओं में प्रकृति के तमाम घटक सहजता से आवाजाही करते हैं और हमें कुदरत को देखने का सर्वथा नवीन दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। *'तुम चले गए/और तुम्हारे साथ मेरे जीवन का संगीत चला गया।'* (एक चिड़े के लिए अशोक गीत) और *'निफूले जीवन में भी/किसी फूल की सुगंध उठकर/नथुनों तक आती है/कभी कभी'* (चुपचाप) जैसी पंक्तियां इस बात का सघनता से अहसास कराती हैं कि प्रकृति से दूर होकर हमारा जीवन, निरंतर जीवंतता खोता जा रहा है। कितने मनोहारी और आनंदमयी अनुभूतियों से हम वंचित होते जा रहे हैं। कुछ कविताओं में वे बिल्कुल अलग तेवर में अपनी बात को पूरी सशक्तता से हमारे सामने रखते हैं। *'किताबें मनुष्यता की रीढ़ की उदग्र हड्डी बन चुकी हैं/ कोई भी अमानुषिक ताकत जिसे क्षत-विक्षत कर ले/क्षैतिज नहीं कर सकती।'* (मनुष्यता की रीढ़) *




**पुस्तक:** प्रकृति और कृति (कविता संग्रह), **रचनाकार:** ज्ञानेंद्रपति, **मूल्य:** 350 रुपए, **प्रकाशक:** राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली